हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 1 जनवरी 2025




## घर खरीदना हो
## या बेचना हो
## या फिर हो घर बनाना
## रायपुर होम्स है ना !

## छत्तीसगढ़ का अपना पहला
## REAL ESTATE & CONSTRUCTION पोर्टल..
### CONSTRUCTION & INTERIOR
### ✧BUY✧ SELL✧ RENT
SERVICE FULL | TRANSPARENCY FULL | CHARGES HALF

RAIPUR HOMES
"EK PRAYAS TO FULFILL YOUR DREAMS"

CONSTRUCTION WORK STARTS @ **899/-**

FINISH WORK STARTS @ **1450/-**

### STRUCTURE WORK PACKAGE

**SILVER WORK** Structure Work Package **899/-**
- Ambuja Cement + Waterproof
- Niramaan TMT
- Paraper Wall Included
- Sunken Slab Included

**GOLD WORK** Structure Work Package **949/-**
- ACC Cement + Waterproof
- Kay 2 TMT(Kamdhenu)
- Paraper Wall Included
- Paraper Wall Included

**PLATINUM WORK** Structure Work Package **999/-**
- ACC Cement + Ultratech + Waterproof
- TATA/ Jindal TMT
- Paraper Wall Included
- Designer Staircase

**DIAMOND WORK** Structure Work Package **1070/-**
- Ultratech
- TATA/Jindal TMT
- Hevalls/ Polycab/ RR Cable
- Hindware Pipe

### FINISH WORK PACKAGE

**SILVER WORK** Finish Work Package **1450/-**
- Ambuja Cement + Waterproof
- Niramaan TMT
- Electrical Normal Brand
- M.S Railing

**GOLD WORK** Finish Work Package **1599/-**
- ACC Cement + Waterproof
- Kay 2 TMT(Kamdhenu)
- Havells & Polycab
- S.S Railing

**PLATINUM WORK** Finish Work Package **1750/-**
- ACC Cement + Ultratech + Waterproof
- TATA/ Jindal TMT
- Branded R.R Cable
- Glass Railing

PLEASE SCAN ME FOR MORE DETAILS

### Our Services
- Construction
- Interior Designing
- Renvotion & Remodelling
- Space Planning
- Turnkey Solution
- Consultancy & Designing



NO BROKERAGE
NO HERA - PHERI

MINIMUM SERVICE CHARGES

SUPPORT REGISTRY PROCESS

UPTO 5% DISCOUNT

### OFFER & DISCOUNTS

नए साल की शुरूआत में अपनी कंस्ट्रक्शन और इंटीरियर डिज़ाइन सर्विस बुक करें, और पाएं Upto 5% का विशेष डिस्काउंट सिर्फ पहले महीने के लिए !

GET IT ON Google Play

Download on the App Store

90999-99937, 98444-44497

www.raipurhomes.com

4TH FLOOR, CURRENCY TOWER, RAIPUR

नोट: यह विज्ञापन केवल हमारी सेवाओं की जानकारी प्रदान करता है और किसी कंपनी या समूह को लक्षित नहीं करता।

# दिल्ली से आएंगे बंद लिफाफों में नाम, नामांकन के बाद घोषित होंगे भाजपा के नए जिलाध्यक्ष

## नए साल में सभी जिलों में होगी चुनाव की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए साल में प्रदेश में भाजपा के सभी 36 संगठनों, जिलों में नए जिलाध्यक्ष बन जाएंगे। इसके लिए प्रक्रिया अंतिम चरण पर है। पैनल बनाकर दिल्ली भेजा गया था। वहां पर पैनल पर मंथन भी हो गया है। अब वहां से बंद लिफाफों में नाम आएंगे।

इन नामों को जिले के चुनाव अधिकारी जिलों में लेकर जाएंगे। लिफाफा खोलने के बाद जिनका नाम निकलेगा, प्रक्रिया के तहत सबसे पहले उनका नामांकन भरवाया जाएगा, इसके बाद दूसरे दिन उनके नाम का ऐलान किया जाएगा। भाजपा का देशभर में संगठन चुनाव चल रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में पहले बूथ कमेटियां का चुनाव हुआ, इसके बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव किया गया। अब जिलाध्यक्षों का चुनाव होना है।

इसके लिए सभी जिलों से दावेदारों के नाम कुशाभाऊ ठाकरे में मंगाकर 27 दिसंबर को प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन की उपस्थिति में तीन-तीन नामों का पैनल बनाया गया और इसको दिल्ली भेजा गया। 29 दिसंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के पदाधिकारियों का पैनल पर मंथन किया गया, इसके बाद नाम फाइनल कर लिए गए हैं। अब वहां से नाम आने बाकी हैं। नाम आने के बाद चुनाव की प्रक्रिया होगी।



### नामांकन जरूरी

दिल्ली से बंद लिफाफों में नाम आने के बाद सभी जिलों के चुनाव अधिकारियों को लिफाफा सौंपा जाएगा। चुनाव अधिकारी अपने-अपने जिलों में जाएंगे और सबके सामने लिफाफा खोला जाएगा। उसमें जिनका नाम होगा, उनको प्रक्रिया के तहत नामांकन भरवाया जाएगा। नामांकन के बाद अगले दिन एक नामांकन होने पर उनको निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर सभी बूथों इसके बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया है। उसी तरह से अब जिलाध्यक्षों का चुनाव भी सर्वसम्मति से किया जा रहा है। हालांकि कुछ मंडलों में विवाद भी हुआ है, जिसके बाद वहां का चुनाव रद्द कर दिया गया है। अब जिलाध्यक्षों के नामों सामने आने के बाद ही मालूम होगा कि कहीं विवाद की स्थिति तो नहीं बनती है। जिलाध्यक्षों के लिए इस बार आयु सीमा 60 साल तय की गई है। इससे ज्यादा उम्र के किसी भी कार्यकर्ता को अध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सीएम ने नववर्ष की दी बधाई और शुभकामनाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा, नव वर्ष 2025 हम सभी के जीवन में तरक्की के नये अवसर लेकर लाये और हम सभी के जीवन में भरपूर सुख-समृद्धि का वास हो। उन्होंने कहा, नव वर्ष हम सभी के लिए शुभ संकल्प लेने का समय है। पिछले साल हमने प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का संकल्प लिया था और प्रत्येक वर्ग को लाभ पहुंचाने में हमें सफलता मिली।

### 30 आईएएस अफसरों का पदोन्नति आदेश

**रायपुर।** राज्य सरकार ने साल के अंतिम दिन बड़े स्तर पर 30 आईएएस अफसरों का प्रमोशन आर्डर जारी किया है। अफसरों को वर्तमान स्थान पर ही पदस्थ रखा गया है। इनमें से दो अफसरों को उनकी नियुक्ति के 4 साल पूरा होने पर वरिष्ठ वेतनमान दिया गया है। वहीं 10 आईएएस अफसरों को 13 साल की सेवा के बाद प्रवर श्रेणी वेतनमान और 18 आईएएस आबंटन के 9 साल की सेवा पूरी होने पर कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा वेतनमान दिए जाने का आदेश जारी किया गया है।

### दलित-आदिवासियों के साथ बंद हो अन्याय

**रायपुर।** मध्यप्रदेश के देवास में दलित युवक की थाने में मौत और ओड़िशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं की पेड़ में बांधकर पिटाई की घटना से लोगों में भारी आक्रोश है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक ने इन मामलों में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को संज्ञान लेकर कार्रवाइ करने की मांग की है।

## स्वास्थ्य केंद्रों को मिले 42 नए डाक्टर, जारी हुआ संविदा नियुक्ति आदेश


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक चिकित्सकों की कमी को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दौर में एनएचएम को औरर सात चिकित्सा विशेषज्ञ सहित 42 नए डाक्टरों की संविदा नियुक्ति का आदेश जारी किया गया है। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की कमियों खासकर चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए लगातार नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। दूरवर्ती स्वास्थ्य केंद्रों में भी चिकित्सा विशेषज्ञों की उपलब्धता के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दौर में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर रायपुर संभाग में 6, बिलासपुर को 12, सरगुजा में 5, बस्तर तथा दुर्ग संभाग में 6 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। इसी तरह विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. अमिताभ लालजी साहू, जिला अस्पताल बेमेतरा, डॉ. क्षमा चोपड़ा, जिला अस्पताल कबीरधाम, डॉ. निकिता खेस, जिला अस्पताल जांजगीर, डॉ. अनु आनी जॉन, जिला अस्पताल मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, डॉ शोएब खान जिला अस्पताल पंडरी रायपुर, डॉ नील माधव गवेल, जिला अस्पताल रायगढ़ व डॉ महिमा निधि जॉर्ज शास. चिकित्सा महाविद्यालय जिला रायगढ़ में पदस्थापना की गई है।

### प्रांत संघचालक के निवास पर किया भोजन, आज डॉ. मोहन भागवत की होगी वापसी

# संघ प्रमुख का अनुषांगिक संगठनों के वरिष्ठों के साथ संघ को मजबूत करने पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने अपने रायपुर प्रवास पर पांचवें दिन अनुषांगिक संगठनों और आरएसएस से जुड़े वरिष्ठों के साथ संघ को मजबूत करने पर मंथन किया। इसमें वरिष्ठों के सुझाव भी लिए गए। इसके बाद दोपहर को डॉ. भागवत प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा के निवास डीडी नगर में भोजन करने गए। अब बुधवार को उनकी रायपुर से वापसी होगी। पांच दिनों में से चार दिनों तक उन्होंने संघ को मजबूत करने और पंच परिवर्तन को लेकर अलग-अलग पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। इसी के साथ शताब्दी वर्ष में क्या किया जाना है, इसको लेकर भी योजना तैयार की गई है।

जागृति मंडल में मंगलवार को आरएसएस और अनुषांगिक संगठनों से जुड़े पूर्व और वर्तमान पदाधिकारियों को बुलाया गया था। इसके साथ डॉ. भागवत ने संघ को लेकर चर्चा की। इसमें उनसे पूछा गया आप लोगों के कार्य करने की और आज जो स्वयंसेवक काम कर रहे हैं, उनका अंदाज अलग हो सकता है। परिस्थितियां भी अलग हो सकती हैं, लेकिन सबका एक ही मकसद है संघ को मजबूत करना। संघ को मजबूत करने के लिए सभी को मिलकर काम करने के लिए कहा गया। इसी के साथ सभी से पंच परिवर्तन पर फोकस करने के लिए भी कहा गया। इसको लेकर लगातार कार्यक्रम होंगे। पर्यावरण को सुरक्षित रखना, स्वच्छता पर ध्यान देना, धर्म परिवर्तन को रोकना और कानून व्यवस्था का पालन करने पर भी बात हुई। आने वाला साल संघ का शताब्दी वर्ष है, इसमें छत्तीसगढ़ में क्या-क्या किया जाना है इसको लेकर भी चर्चा की गई।

### पहली बार गए भोजन करने

डॉ. भागवत ने अपने प्रवास के दौरान पहली बार दो स्वयंसेवकों के निवास पर जहां बैठकें कीं, वहीं एक स्वयंसेवक रतन चक्रधर के घर पर भोजन किया। उन्होंने मंगलवार को प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा के निवास पर भी भोजन किया। इसके पहले वे यहां पर अपने पिछले प्रवासों में पूर्व प्रांत संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना के घर पर जा चुके हैं। आमतौर पर वे किसी स्वयंसेवक के यहां नहीं जाते हैं, लेकिन इस बार वे गए।

## संदीप शर्मा बोले- कोई भी कांग्रेस का सदस्य बनने तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा, आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की लगातार दुर्गति हो रही है, लेकिन बजाय इससे सबक लेने के कांग्रेस के लोग आपसी सिर-फुटौवल में लगे हुए हैं। भाजपा के संगठन महापर्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचा है और कांग्रेस की दुर्दशा का आलम यह है कि वहां कोई सदस्य बनने के लिए जरा भी इच्छुक नहीं है। श्री शर्मा ने कहा, कार्यकर्ताओं और नेताओं के अभाव से जूझ रही कांग्रेस की राजनीतिक दरिद्रता का इससे अधिक परिचय और क्या होगा कि अब कांग्रेस नेतृत्व को पिछले चुनावों के और निष्कासित नेताओं से आवेदन मंगवाना पड़ा है। कांग्रेस के इसी राजनीतिक चरित्र के कारण एक तरफ जहां सम्मेलनों में बड़े नेताओं को कार्यकर्ता मुंह पर खूब खरी-खोटी सुनाने में नहीं हिचक रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और अपमान को देखकर कोई भी कांग्रेस का सदस्य बनने के लिए तैयार नहीं है। श्री शर्मा ने कहा, भाजपा की ऐतिहासिक सदस्य संख्या भाजपा के प्रति अटूट जन-विश्वास का प्रमाण है।

## राज्य में 86.42 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

**रायपुर।** प्रदेश में अब तक लगभग 86.42 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है। धान उठाव के लिए 58.35 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 32.57 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया



कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.78 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। धान खरीदी के एवज में 17.50 लाख किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 19 हजार 415 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी तक चलेगा।



हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## नए साल का आगाज नई उम्मीदों के साथ

रायपुर। नए साल के आगाज के साथ ही पुराने साल की विदाई हो गई। देर रात शहर के तमाम रेस्टोरेंट, होटल्स, आउटर के फार्म हाउस, मोहल्लों और कॉलोनियों में नववर्ष को लेकर उत्साह का माहौल रहा। रात 12 बजते ही आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया और एक-दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। पुलिस इस दौरान प्रमुख चौक-चौराहों पर मुस्तैद रही, गश्ती टीम भी विभिन्न इलाकों में घूमती रही। आकाशवाणी चौक स्थित कालीमाता मंदिर में देर रात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जहां उन्होंने देवी माता से नए साल में सुख-समृद्धि और प्रगति का आशीर्वाद मांगा।

## खबर संक्षेप

### नशीली टेबलेट खरीदने के आरोप में युवक गिरफ्तार



रायपुर। राजेंद्र नगर पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट की खरीदी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इससे पूर्व इसी प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 732 नग नशीली टेबलेट, 2 मोबाइल एवं एक दोपहिया वाहन को जब्ती बना चुकी है। पुलिस ने इस प्रकरण में फॉरवर्ड लिंकेजेस की पतासाजी करते हुए प्रतिबंधित नशीली टेबलेट क्रय करने वाले आरोपी धनेश उर्फ संजय निवासी न्यू शीतला तालाब के पास न्यू राजेंद्र नगर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 144 नग टेबलेट जब्त की गई है।

### दो माह बाद आत्महत्या मामले में केस दर्ज

रायपुर। आजाद चौक पुलिस ने दो महीने के बाद एक युवती के आत्महत्या मामले में एक युवक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। सोनकरपारा निवासी 17 वर्षीय एक नाबालिग युवती ने 23 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना में मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच में पाया गया कि मृतका को विष्णु सोनी नामक युवक परेशान करता था। शादी की बात कहकर आरोपी उसे करीब 80 हजार रुपए एवं सोने के जेवर लाने के लिए दबाव बना रहा था, साथ ही 18 वर्ष पूर्ण होने पर उसे भगा कर ले जाऊंगा, कहकर डराया करता था। इसी डर से परेशान होकर युवती ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा बीएनएस 108 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### किराए पर लेकर कार दूसरे को बेच दी, केस दर्ज

रायपुर। सिविल लाइंस पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी त्रिलोक साहू निवासी शहीद नगर बिरगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी स्विफ्ट डिजायर कार जगमोहन सिंह मेश्राम को प्रतिमाह 25 हजार रुपए की दर से किराए पर दी थी। किराए पर लेने के बाद मनमोहन ने कार किसी और को बेच दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 316- 318-4 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### मजदूर की मौत मामले में ठेकेदार पर केस दर्ज

रायपुर। तेलीबांधा पुलिस ने महिला मजदूर की मौत मामले में ठेकेदार के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 24 दिसंबर की है।मृतका कौशल्या साहू घटना के दिन तेलीबांधा स्थित अविनाश एलिगेश की निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रही थी। इसी दौरान ऊंचाई से गिरने से उसकी मौत हो गई। इस घटना की जांच में पता चला कि महिला मजदूर से बिल्डिंग में काम लेते समय ठेकेदार द्वारा सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं कराया गया था, जिसके कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस ने इस मामले में ठेकेदार के विरुद्ध धारा 106-1 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

---

न्यू चंगोराभाठा के शिवनगर की घटना, छह गिरफ्तार

# नए साल के जश्न से पहले डबल मर्डर, जुआ शराबखोरी के बीच विवाद में बड़ी वारदात

**पेशे से पेंटर थे दोनों मृतक, पत्थर से हमला कर मार डाला और हो गए थे फरार पकड़े गए आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एक ओर जहां लोग नववर्ष के आगमन को सेलीब्रेट करने की तैयारियों में जुटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर नववर्ष के आगमन से करीब 25 घंटे पहले राजधानी रायपुर के न्यू चंगोराभाठा इलाके के शिवनगर में दो युवकों की हत्या हो गई। घटना को अंजाम 2 नाबालिग सहित 6 आरोपियों ने दिया है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना का कारण जुआ और नशा है। दोनों मृतक घटना के समय शिवनगर में एक खाली प्लॉट पर अलाव जलाकर आरोपियों के साथ बैठकर शराब के नशे में जुआ खेल रहे थे। इसी दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के बढ़ते आरोपियों ने एक युवक के सिर पर पत्थर से कई बार वार दिए, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। इसे देखकर उसका साथी युवक उसके परिवार वालों को इसकी जानकारी देने भागा, लेकिन आरोपियों ने उसे भी दौड़ाकर पकड़ लिया और उसके सिर पर भी पत्थर से कई वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद सभी आरोपी वहां से फरार हो गए। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने रात में ही सभी आरोपियों को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार किया।

इस घटना में शिवनगर निवासी सचिन बड़ोले 28 वर्ष एवं कृष्णा यादव 25 वर्ष की हत्या हुई है। दोनों मृतक पेशे से पेंटर थे और इसी से अपना और अपने परिवार का जीवन यापन चलाया करते थे। घटना 30 दिसंबर की रात करीब 11 बजे हुई। इस दौरान सचिन और कृष्णा दोनों अपने घर के पास स्थित आदिवासी गोंडवाना समाज के सामुदायिक भवन के पास खाली प्लाट पर अलाव जलाकर शराब सेवन करने के साथ तासपत्ती खेल रहे थे। उनके साथ आरोपी खाम सिंग साहू 47 वर्ष निवासी शिव नगर राम मंदिर के पीछे, दुर्गेश साहू 23 वर्ष निवासी शिव नगर, डालेंद्र साहू 18 वर्ष निवासी साकेत बिहार कॉलोनी चंगोराभाठा, एवन कुमार साहू 18 वर्ष निवासी शिव नगर राम मंदिर के पीछे के साथ दो नाबालिग भी जुआ खेल रहे थे। जुआ खेलने के दौरान ही ▶▶शेष पेज 24 पर





### मोहल्लेवासियों ने बताया मृतकों के परिवार का हाल

#### मिली शराब की खाली व टूटी बोतलें

जिस जगह पर जुआ खेल रहे थे, उस प्लाट पर शराब की खाली व टूटी बोतलें पाई गई हैं। पुलिस ने घटना स्थल से तासपत्ती भी बरामद की है, हालांकि पुलिस खुलासा में इसका जिक्र नहीं किया गया है। पुलिस इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 103(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

#### कृष्णा इकलौता था कमाने वाला

मृतक कृष्णा अविवाहित था तथा घर का इकलौता कमाने वाला था। कृष्णा की बुजुर्ग मां सुशीला यादव ने बताया कि उसके पति को गुजरे 10 वर्ष हो चुके हैं, वहीं उसका बड़ा बेटा रमेश अपाहिज और मानसिक रूप से बीमार है, जिसके कारण वह घर पर ही रहता है। उसकी एक बेटी है, जिसकी शादी हो चुकी है। इस तरह वर्तमान में उसके घर का पूरा खर्च कृष्णा ही उठाता था। वह पेंटिंग का काम करता था। बेटे के नहीं रहने से अब घर का खर्च उठाने वाला भी कोई नहीं है। इसकी चिंता भी मां को सताने लगी है।



#### असामाजिक तत्वों का डेरा लगता है प्लॉट में

इधर इस दोहरे हत्याकांड से मोहल्ले में असामाजिक तत्वों को लेकर लोगों में भय व्याप्त है। लोगों का कहना है कि शिवनगर में असामाजिक तत्वों का जगह-जगह रात में डेरा लगा रहता है। शराब सहित अन्य नशा करके असामाजिक तत्व ग्रुप में सरेआम जुआ खेलते हैं, जिस प्लॉट पर सचिन की हत्या हुई है, वहां भी आए दिन असामाजिक तत्वों का डेरा लगा रहता है। घटना वाली रात को भी यहां जुआ और शराब का सेवन करते लोग बैठे थे। घटना स्थल के ठीक सामने रहने वाले विनय चौबे ने बताया कि प्लॉट पिछले कई साल से खाली पड़ा हुआ है। इस प्लॉट में अक्सर रात के समय लोग जुआ और शराब पीने के लिए इकट्ठे होते हैं। इन लोगों के भय के कारण मोहल्ले वाली इसकी शिकायत पुलिस में भी नहीं करते।

#### सचिन पर भी घर की बड़ी जिम्मेदारी थी

मृतक सचिन भी पेंटिंग का काम करता था। वह भी अपने परिवार का खर्च चलाने में बड़ी मदद करता था। सचिन अपनी दो बहन, मां के साथ रहता था। सचिन की मां बीमार रहती है। इसीलिए परिजनों ने सचिन की मौत की खबर भी उससे छिपाकर रखी है। परिजनों ने बताया कि सचिन की कमाई से घर का बड़ा खर्च चलता था। उसके नहीं रहने से घर की आर्थिक स्थिति और बिगड़ जाएगी।

#### पुलिस की छापेमारी से देर रात तक जागते रहे लोग

इस घटना से पुलिस प्रशासन में भी हड़कंच मचा रहा, जिसके कारण पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए रात में कई जगह छापे मारे। इस कारण मोहल्ले में कई लोग देर रात तक सो नहीं पाए। लोगों का कहना है कि घटना के बाद पुलिस के कई वाहन रातभर सायरन बजाते मोहल्ले में पेट्रोलिंग करते दिखे, जबकि इससे पहले मोहल्ले में पुलिस का वाहन नजर ही नहीं आता। यही कारण है कि उनके मोहल्ले में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी ज्यादा रहता है।

### टाटीबंध में ऑटो चालक पर चाकू से हमला, 3 गिरफ्तार

एक अन्य घटना में टाटीबंध चौक के पास एक ऑटो चालक पर तीन युवकों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना 30 दिसंबर की रात करीब 11 बजे की है। धीरज सिंह राजपूत ऑटो चलाता है। घटना के समय वह ऑटो लेकर काका ढाबा के आगे सुलभ के पास पहुंचा। इसी दौरान दिनेश सोनी 29 वर्ष निवासी राजातालाब नूरानी चौक, योगेश यादव 18 वर्ष निवासी विजय नगर भनपुरी तथा के. जसवंत राव 18 वर्ष निवासी भनपुरी ने धीरज से विवाद करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू का वार धीरज के सीने पर किया है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसे तत्काल एम्स हास्पिटल में दाखिल कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। इधर पुलिस ने इस मामले में तीनों आरोपियों को तलाश कर गिरफ्तार कर लिया है। इन तीनों के विरुद्ध धारा 109 बी.एन.एस. 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

---

## ऑटो एक्सपो में गाड़ी बेचने कराना होगा रजिस्ट्रेशन, दूसरे राज्य के कारोबारी नहीं बेच सकेंगे वाहन

- रायपुर के साइंस कॉलेज में लगेगा एक माह का एक्सपो
- गाड़ी का रजिस्ट्रेशन 7 दिन में रायपुर में कराना होगा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक लगने वाले ऑटो एक्सपो में राज्य के वही व्यावसायी वाहन बेच सकते हैं, जिनके पास रायपुर आरटीओ से एक्सपो में वाहन विक्रय का प्रमाणपत्र हो। छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों के व्यावसायी एक्सपो में वाहन नहीं बेच सकते। राज्य के व्यापारी जो यहां गाड़ी बेचना चाहते हैं, उन्हें रायपुर आरटीओ को फीस देकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। राज्य सरकार के परिवहन विभाग ने ऑटो एक्सपो के लिए नियम बनाए हैं।

### सात दिनों में पंजीयन कराना होगा

परिवहन विभाग ने एक्सपो के लिए जो शर्तें रखीं है उसमें कहा गया है कि ऑटो एक्सपो में विक्रय किए जाने वाले हर वाहन के जीवन काल का भुगतान एक्सपो अवधि में एकमुश्त किया जाएगा। यदि कर का भुगतान एक्सपो अवधि के बाद किया जाता है तो कर में छूट नहीं दी जाएगी।

### एक्सपो में मिलेगी इतनी छूट

रायपुर में यह ऑटो एक्सपो सांइस कॉलेज मैदान पर लगाया जाएगा। रायपुर से वाहन बिकने के बाद पंजीयन चिन्ह आंवटन के लिए वाहनों इलेक्ट्रिक वाहनों को छोड़कर) के जीवनकाल कर (लाइफटाइम टैक्स) के भुगतान में, मोटर यान कर में एकमुश्त 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी, लेकिन इसके साथ ही कुछ शर्तें भी रखी गई हैं। खास बात ये हैं कि एक्सपो के विक्रय किए जाने वाले यानों का पंजीयन केवल क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय रायपुर में कराना अनिवार्य होगी। इसके लिए भी फीस अलग से तय की जाएगी।

### ऐसे होगी टैक्स की गणना

एक्सपो में बिकने वाले वाहनों पर लगने वाले टैक्स की गणना वाहन निर्माता द्वारा निर्धारित मूल्य पर की जाएगी। जिसमें निर्माण लागत और विभिन्न कर एवं उस पर लागू उपकर शामिल होंगे। व्यावसायी द्वारा दिए गए नकद या व्यावसायिक छूट में कर भुगतान की छूट शामिल नहीं होगी। जो व्यावसायी एक्सपो में शामिल होंगे उन्हें एक्सपो में बेचे जाने वाले स्टॉक की सूची परिवहन आयुक्त कार्यालय को देनी होगी। इसके सात ही बिक्री के बाद वाहनों का ऑटो एक्सपो स्थल में डिलीवरी के पहले भौतिक सत्यापन करना अनिवार्य होगा।

---

## सफर से एक दिन पहले दी ट्रेन रद्द होने की सूचना

**आज 1200 यात्री तलाशेंगे नया विकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रेलवे बोर्ड ने ट्रेन रद्द से यात्रियों को दिक्कत न हो, इसके लिए लगभग सप्ताहभर पहले सूचना देने का निर्देश सभी जोन को दिया है, लेकिन वर्तमान में इसका पालन नहीं हो रहा है, जिससे यात्री अब भी परेशान हैं। आज दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस दुर्ग से रवाना होने वाली थी। नया साल होने से वेटिंग भी 80 से अधिक थी। रायपुर मंडल से 500 से अधिक यात्री सफर करने वाले थे, जिन्होंने पहले से टिकट बुक करवा लिया था, ताकि भीड़ में धक्के खाना न पड़े, लेकिन रेलवे ने मंगलवार अर्थात सफर से एक दिन पहले उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल में लदोवाल स्टेशन को तीसरी रेलवे लाइन से जोड़ने का कार्य बताकर इसे रद्द कर दिया है। यात्रियों तक जैसे ही यह सूचना मिली, तो हर कोई परेशान हो उठा कि इतने कम समय में नई ट्रेन में सीट कैसे मिलेगी! बता दें कि तीसरी लाइन समेत अन्य कार्य पहले से निर्धारित होते हैं। ऐसे में सफर से मात्र एक दिन पहले सूचना देकर रेलवे ने 1200 से अधिक यात्रियों को परेशान कर दिया। रेलवे की इस कार्य व्यवस्था से यात्री भी नाखुश हैं। ▶▶शेष पेज 24 पर

- उत्तर रेलवे फिरोजपुर रेल मंडल में लदोवाल स्टेशन को तीसरी रेलवे लाइन से जोड़ने किया जाएगा कार्य

---

## छात्रों की अनोखी फरियाद-शादी में जाना है, टाइम-टेबल बता दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अब तक बीएड और बीएएलएलबी की समय-सारिणी जारी नहीं कर सका है। जबकि स्नातक प्रथम वर्ष सहित स्नातकोत्तर स्तर की अधिकतर कक्षाओं की समय-सारिणी घोषित की जा चुकी है। समय-सारिणी जारी नहीं होने के कारण छात्र तथा महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन से संपर्क कर जानकारी मांगी जा रही है। कई विद्यार्थियों द्वारा इसके लिए अजीब-गरीब कारण भी बताए जा रहे हैं। शादियों का सीजन होने के कारण कई विद्यार्थी फोन करके कह रहे हैं कि उन्हें शादी में जाना है, इसलिए वे जल्द ही समय-सारिणी बता दें।

स्नातक स्तर पर रविवि को मौजूदा सत्र में दो बार समय-सारिणी जारी करनी पड़ रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद प्रथम वर्ष की परीक्षाएं ▶▶शेष पेज 24 पर

- बीएड के लिए अब तक नहीं भरे गए परीक्षा फॉर्म

### बीएड-बीएलएलबी की समय-सारिणी अब तक नहीं



### एक महीने पढ़ाई के बाद परीक्षाएं

प्रदेश के बीएड महाविद्यालयों में इस बार भी प्रवेश प्रक्रिया देर तक चली। दिसंबर अंत तक विद्यार्थियों को प्रवेश दिए गए हैं। बीएड की परीक्षाएं भी सेमेस्टर आधार पर ही होती हैं। जिन विद्यार्थियों को प्रवेश दिसंबर माह में मिला है, उन्हें मात्र एक माह की पढ़ाई के बाद ही परीक्षाएं दिलानी होंगी। एससीईआरटी द्वारा प्रतिवर्ष देर तक काउंसिलिंग किए जाने के कारण यह स्थिति निर्मित होती है। सीटें रिक्त होने के चलते भी एससीईआरटी को प्रवेश तारीखें कई बार बढ़ानी पड़ी। इसका असर भी काउंसिलिंग पर दिखा।

### पीजी के पर्चे 3 से

वहीं दूसरी ओर स्नातकोत्तर कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाएं 3 जनवरी से प्रारंभ होंगी। रविवि द्वारा इसके लिए दिसंबर माह में समय-सारिणी जारी की गई थी। परीक्षा फॉर्म सहित अन्य तरह की औपचारिकताएं भी पूर्व में ही पूर्ण कर ली गई थीं। परीक्षा केंद्र निर्धारण सहित प्रवेश पत्र वितरण और अन्य तैयारियां रविवि पहले ही कर चुका है।

---

## प्रथम वर्ष के विषय द्वितीय-तृतीय वर्ष में बदल सकेंगे विद्यार्थी, लेकिन चुनने होंगे अलग संकाय से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रथम वर्ष में जेनेरिक इलेक्टिव के रूप में जिस विषय का चयन छात्रों ने किया है, उसका अध्ययन द्वितीय और तृतीय वर्ष में करना अनिवार्य नहीं है। छात्र द्वितीय और तृतीय वर्ष में पृथक विषय का चुनाव कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को अपने संकाय के इतर अन्य संकाय से विषय चुनाव की छूट दी गई है। ▶▶शेष पेज 24 पर

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति : जेनेरिक इलेक्टिव सब्जेक्ट के अंतर्गत पृथक विषय चुनाव का विकल्प

### अगले सत्र से सुविधा

प्रथम वर्ष में अध्ययनरत छात्रों को अगले सत्र में विषय बदलने की सुविधा मिलेगी। वे सभी वर्षों में जेनेरिक इलेक्टिव के अपने विषयों में बदलाव कर सकते हैं।

- डॉ. देवाशीष मुखर्जी, सचिव प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

हरिभूमि
रायपुर भूमि




# नए साल का आगाज नई उम्मीदों के साथ

**रायपुर।** नए साल के आगाज के साथ ही पुराने साल की विदाई हो गई। देर रात शहर के तमाम रेस्टोरेंट, होटल्स, आउटर के फार्म हाउस, मोहल्लों और कॉलोनियों में नववर्ष को लेकर उत्साह का माहौल रहा। रात 12 बजते ही आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया और एक-दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। पुलिस इस दौरान प्रमुख चौक-चौराहों पर मुस्तैद रही, गश्ती टीम भी विभिन्न इलाकों में घूमती रही। आकाशवाणी चौक स्थित कालीमाता मंदिर में देर रात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जहां उन्होंने देवी माता से नए साल में सुख-समृद्धि और प्रगति का आशीर्वाद मांगा।

## खबर संक्षेप

### नशीली टेबलेट खरीदने के आरोप में युवक गिरफ्तार



**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट की खरीदी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इससे पूर्व इसी प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 732 नग नशीली टेबलेट, 2 मोबाइल एवं एक दोपहिया वाहन को जब्ती बना चुकी है। पुलिस ने इस प्रकरण में फॉरवर्ड लिंकेजेस की पतासाजी करते हुए प्रतिबंधित नशीली टेबलेट क्रय करने वाले आरोपी धनेश उर्फ संजय निवासी न्यू शीतला तालाब के पास न्यू राजेंद्र नगर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 144 नग टेबलेट जब्त की गई है।

### दो माह बाद आत्महत्या मामले में केस दर्ज

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने दो महीने के बाद एक युवती के आत्महत्या मामले में एक युवक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। सोनकरपारा निवासी 17 वर्षीय एक नाबालिग युवती ने 23 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना में मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच में पाया गया कि मृतका को विष्णु सोनी नामक युवक परेशान करता था। शादी की बात कहकर आरोपी उसे करीब 80 हजार रुपए एवं सोने के जेवर लाने के लिए दबाव बना रहा था, साथ ही 18 वर्ष पूर्ण होने पर उसे भगा कर ले जाऊंगा, कहकर डराया करता था। इसी डर से परेशान होकर युवती ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा बीएनएस 108 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### किराए पर लेकर कार दूसरे को बेच दी, केस दर्ज

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी त्रिलोक साहू निवासी शहीद नगर बिरगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी स्विफ्ट डिजायर कार जगमोहन सिंह मेश्राम को प्रतिमाह 25 हजार रुपए की दर से किराए पर दी थी। किराए पर लेने के बाद मनमोहन ने कार किसी और को बेच दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 316- 318-4 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### मजदूर की मौत मामले में ठेकेदार पर केस दर्ज

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने महिला मजदूर की मौत मामले में ठेकेदार के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 24 दिसंबर की है।मृतका कौशल्या साहू घटना के दिन तेलीबांधा स्थित अविनाश एलिगेश की निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रही थी। इसी दौरान ऊंचाई से गिरने से उसकी मौत हो गई। इस घटना की जांच में पता चला कि महिला मजदूर से बिल्डिंग में काम लेते समय ठेकेदार द्वारा सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं कराया गया था, जिसके कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस ने इस मामले में ठेकेदार के विरुद्ध धारा 106-1 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

---

न्यू चंगोराभाठा के शिवनगर की घटना, छह गिरफ्तार

# नए साल के जश्न से पहले डबल मर्डर, जुआ शराबखोरी के बीच विवाद में बड़ी वारदात

**पेशे से पेंटर थे दोनों मृतक, पत्थर से हमला कर मार डाला और हो गए थे फरार पकड़े गए आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक ओर जहां लोग नववर्ष के आगमन को सेलीब्रेट करने की तैयारियों में जुटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर नववर्ष के आगमन से करीब 25 घंटे पहले राजधानी रायपुर के न्यू चंगोराभाठा इलाके के शिवनगर में दो युवकों की हत्या हो गई। घटना को अंजाम 2 नाबालिग सहित 6 आरोपियों ने दिया है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना का कारण जुआ और नशा है। दोनों मृतक घटना के समय शिवनगर में एक खाली प्लॉट पर अलाव जलाकर आरोपियों के साथ बैठकर शराब के नशे में जुआ खेल रहे थे। इसी दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के बढ़ते आरोपियों ने एक युवक के सिर पर पत्थर से कई बार वार दिए, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। इसे देखकर उसका साथी युवक उसके परिवार वालों को इसकी जानकारी देने भागा, लेकिन आरोपियों ने उसे भी दौड़ाकर पकड़ लिया और उसके सिर पर भी पत्थर से कई वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद सभी आरोपी वहां से फरार हो गए। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने रात में ही सभी आरोपियों को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार किया।

इस घटना में शिवनगर निवासी सचिन बड़ोले 28 वर्ष एवं कृष्णा यादव 25 वर्ष की हत्या हुई है। दोनों मृतक पेशे से पेंटर थे और इसी से अपना और अपने परिवार का जीवन यापन चलाया करते थे। घटना 30 दिसंबर की रात करीब 11 बजे हुई। इस दौरान सचिन और कृष्णा दोनों अपने घर के पास स्थित आदिवासी गोंडवाना समाज के सामुदायिक भवन के पास खाली प्लाट पर अलाव जलाकर शराब सेवन करने के साथ तासपत्ती खेल रहे थे। उनके साथ आरोपी खाम सिंग साहू 47 वर्ष निवासी शिव नगर राम मंदिर के पीछे, दुर्गेश साहू 23 वर्ष निवासी शिव नगर, डालेंद्र साहू 18 वर्ष निवासी साकेत बिहार कॉलोनी चंगोराभाठा, एवन कुमार साहू 18 वर्ष निवासी शिव नगर राम मंदिर के पीछे के साथ दो नाबालिग भी जुआ खेल रहे थे। जुआ खेलने के दौरान ही ▶▶| शेष पेज 24 पर





## मोहल्लेवासियों ने बताया मृतकों के परिवार का हाल

### मिली शराब की खाली व टूटी बोतलें

जिस जगह पर जुआ खेल रहे थे, उस प्लाट पर शराब की खाली व टूटी बोतलें पाई गई हैं। पुलिस ने घटना स्थल से तासपत्ती भी बरामद की है, हालांकि पुलिस खुलासा में इसका जिक्र नहीं किया गया है। पुलिस इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 103(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### कृष्णा इकलौता था कमाने वाला

मृतक कृष्णा अविवाहित था तथा घर का इकलौता कमाने वाला था। कृष्णा की बुजुर्ग मां सुशीला यादव ने बताया कि उसके पति को गुजरे 10 वर्ष हो चुके हैं, वहीं उसका बड़ा बेटा रमेश अपाहिज और मानसिक रूप से बीमार है, जिसके कारण वह घर पर ही रहता है। उसकी एक बेटी है, जिसकी शादी हो चुकी है। इस तरह वर्तमान में उसके घर का पूरा खर्च कृष्णा ही उठाता था। वह पेंटिंग का काम करता था। बेटे के नहीं रहने से अब घर का खर्च उठाने वाला भी कोई नहीं है। इसकी चिंता भी मां को सताने लगी है।



### असामाजिक तत्वों का डेरा लगता है प्लॉट में

इधर इस दोहरे हत्याकांड से मोहल्ले में असामाजिक तत्वों को लेकर लोगों में भय व्याप्त है। लोगों का कहना है कि शिवनगर में असामाजिक तत्वों का जगह-जगह रात में डेरा लगा रहता है। शराब सहित अन्य नशा करके असामाजिक तत्व ग्रुप में सरेआम जुआ खेलते हैं, जिस प्लॉट पर सचिन की हत्या हुई है, वहां भी आए दिन असामाजिक तत्वों का डेरा लगा रहता है। घटना वाली रात को भी यहां जुआ और शराब का सेवन करते लोग बैठे थे। घटना स्थल के ठीक सामने रहने वाले विनय चौबे ने बताया कि प्लॉट पिछले कई साल से खाली पड़ा हुआ है। इस प्लॉट में अक्सर रात के समय लोग जुआ और शराब पीने के लिए इकट्ठे होते हैं। इन लोगों के भय के कारण मोहल्ले वाली इसकी शिकायत पुलिस में भी नहीं करते।

### सचिन पर भी घर की बड़ी जिम्मेदारी थी

मृतक सचिन भी पेंटिंग का काम करता था। वह भी अपने परिवार का खर्च चलाने में बड़ी मदद करता था। सचिन अपनी दो बहन, मां के साथ रहता था। सचिन की मां बीमार रहती है। इसीलिए परिजनों ने सचिन की मौत की खबर भी उससे छिपाकर रखी है। परिजनों ने बताया कि सचिन की कमाई से घर का बड़ा खर्च चलता था। उसके नहीं रहने से घर की आर्थिक स्थिति और बिगड़ जाएगी।

### पुलिस की छापेमारी से देर रात तक जागते रहे लोग

इस घटना से पुलिस प्रशासन में भी हड़कंच मचा रहा, जिसके कारण पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए रात में कई जगह छापे मारे। इस कारण मोहल्ले में कई लोग देर रात तक सो नहीं पाए। लोगों का कहना है कि घटना के बाद पुलिस के कई वाहन रातभर सायरन बजाते मोहल्ले में पेट्रोलिंग करते दिखे, जबकि इससे पहले मोहल्ले में पुलिस का वाहन नजर ही नहीं आता। यही कारण है कि उनके मोहल्ले में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी ज्यादा रहता है।

### टाटीबंध में ऑटो चालक पर चाकू से हमला, 3 गिरफ्तार

एक अन्य घटना में टाटीबंध चौक के पास एक ऑटो चालक पर तीन युवकों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना 30 दिसंबर की रात करीब 11 बजे की है। धीरज सिंह राजपूत ऑटो चलाता है। घटना के समय वह ऑटो लेकर काका ढाबा के आगे सुलभ के पास पहुंचा। इसी दौरान दिनेश सोनी 29 वर्ष निवासी राजातालाब नूरानी चौक, योगेश यादव 18 वर्ष निवासी विजय नगर भनपुरी तथा के. जसवंत राव 18 वर्ष निवासी भनपुरी ने धीरज से विवाद करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू का वार धीरज के सीने पर किया है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसे तत्काल एम्स हास्पिटल में दाखिल कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। इधर पुलिस ने इस मामले में तीनों आरोपियों को तलाश कर गिरफ्तार कर लिया है। इन तीनों के विरुद्ध धारा 109 बी.एन.एस. 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

---

# ऑटो एक्सपो में गाड़ी बेचने कराना होगा रजिस्ट्रेशन, दूसरे राज्य के कारोबारी नहीं बेच सकेंगे वाहन

- रायपुर के साइंस कॉलेज में लगेगा एक माह का एक्सपो
- गाड़ी का रजिस्ट्रेशन 7 दिन में रायपुर में कराना होगा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक लगने वाले ऑटो एक्सपो में राज्य के वही व्यावसायी वाहन बेच सकते हैं, जिनके पास रायपुर आरटीओ से एक्सपो में वाहन विक्रय का प्रमाणपत्र हो। छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों के व्यावसायी एक्सपो में वाहन नहीं बेच सकते। राज्य के व्यापारी जो यहां गाड़ी बेचना चाहते हैं, उन्हें रायपुर आरटीओ को फीस देकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। राज्य सरकार के परिवहन विभाग ने ऑटो एक्सपो के लिए नियम बनाए हैं।

### सात दिनों में पंजीयन कराना होगा

परिवहन विभाग ने एक्सपो के लिए जो शर्तें रखीं है उसमें कहा गया है कि ऑटो एक्सपो में विक्रय किए जाने वाले हर वाहन के जीवन काल का भुगतान एक्सपो अवधि में एकमुश्त किया जाएगा। यदि कर का भुगतान एक्सपो अवधि के बाद किया जाता है तो कर में छूट नहीं दी जाएगी।

### एक्सपो में मिलेगी इतनी छूट

रायपुर में यह ऑटो एक्सपो सांइस कॉलेज मैदान पर लगाया जाएगा। रायपुर से वाहन बिकने के बाद पंजीयन चिन्ह आंवटन के लिए वाहनों इलेक्ट्रिक वाहनों को छोड़कर) के जीवनकाल कर (लाइफटाइम टैक्स) के भुगतान में, मोटर यान कर में एकमुश्त 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी, लेकिन इसके साथ ही कुछ शर्तें भी रखी गई हैं। खास बात ये हैं कि एक्सपो के विक्रय किए जाने वाले यानों का पंजीयन केवल क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय रायपुर में कराना अनिवार्य होगी। इसके लिए भी फीस अलग से तय की जाएगी।

### ऐसे होगी टैक्स की गणना

एक्सपो में बिकने वाले वाहनों पर लगने वाले टैक्स की गणना वाहन निर्माता द्वारा निर्धारित मूल्य पर की जाएगी। जिसमें निर्माण लागत और विभिन्न कर एवं उस पर लागू उपकर शामिल होंगे। व्यावसायी द्वारा दिए गए नकद या व्यावसायिक छूट में कर भुगतान की छूट शामिल नहीं होगी। जो व्यावसायी एक्सपो में शामिल होंगे उन्हें एक्सपो में बेचे जाने वाले स्टॉक की सूची परिवहन आयुक्त कार्यालय को देनी होगी। इसके सात ही बिक्री के बाद वाहनों का ऑटो एक्सपो स्थल में डिलीवरी के पहले भौतिक सत्यापन करना अनिवार्य होगा।

---

# सफर से एक दिन पहले दी ट्रेन रद्द होने की सूचना

**आज 1200 यात्री तलाशेंगे नया विकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे बोर्ड ने ट्रेन रद्द से यात्रियों को दिक्कत न हो, इसके लिए लगभग सप्ताहभर पहले सूचना देने का निर्देश सभी जोन को दिया है, लेकिन वर्तमान में इसका पालन नहीं हो रहा है, जिससे यात्री अब भी परेशान हैं। आज दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस दुर्ग से रवाना होने वाली थी। नया साल होने से वेटिंग भी 80 से अधिक थी। रायपुर मंडल से 500 से अधिक यात्री सफर करने वाले थे, जिन्होंने पहले से टिकट बुक करवा लिया था, ताकि भीड़ में धक्के खाना न पड़े, लेकिन रेलवे ने मंगलवार अर्थात सफर से एक दिन पहले उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल में लदोवाल स्टेशन को तीसरी रेलवे लाइन से जोड़ने का कार्य बताकर इसे रद्द कर दिया है। यात्रियों तक जैसे ही यह सूचना मिली, तो हर कोई परेशान हो उठा कि इतने कम समय में नई ट्रेन में सीट कैसे मिलेगी! बता दें कि तीसरी लाइन समेत अन्य कार्य पहले से निर्धारित होते हैं। ऐसे में सफर से मात्र एक दिन पहले सूचना देकर रेलवे ने 1200 से अधिक यात्रियों को परेशान कर दिया। रेलवे की इस कार्य व्यवस्था से यात्री भी नाखुश हैं। ▶▶| शेष पेज 24 पर

- उत्तर रेलवे फिरोजपुर रेल मंडल में लदोवाल स्टेशन को तीसरी रेलवे लाइन से जोड़ने किया जाएगा कार्य

---

# छात्रों की अनोखी फरियाद-शादी में जाना है, टाइम-टेबल बता दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अब तक बीएड और बीएएलएलबी की समय-सारिणी जारी नहीं कर सका है। जबकि स्नातक प्रथम वर्ष सहित स्नातकोत्तर स्तर की अधिकतर कक्षाओं की समय-सारिणी घोषित की जा चुकी है। समय-सारिणी जारी नहीं होने के कारण छात्र तथा महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन से संपर्क कर जानकारी मांगी जा रही है। कई विद्यार्थियों द्वारा इसके लिए अजीब-गरीब कारण भी बताए जा रहे हैं। शादियों का सीजन होने के कारण कई विद्यार्थी फोन करके कह रहे हैं कि उन्हें शादी में जाना है, इसलिए वे जल्द ही समय-सारिणी बता दें।

स्नातक स्तर पर रविवि को मौजूदा सत्र में दो बार समय-सारिणी जारी करनी पड़ रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद प्रथम वर्ष की परीक्षाएं ▶▶| शेष पेज 24 पर

- बीएड के लिए अब तक नहीं भरे गए परीक्षा फॉर्म

### बीएड-बीएलएलबी की समय-सारिणी अब तक नहीं



### एक महीने पढ़ाई के बाद परीक्षाएं

प्रदेश के बीएड महाविद्यालयों में इस बार भी प्रवेश प्रक्रिया देर तक चली। दिसंबर अंत तक विद्यार्थियों को प्रवेश दिए गए हैं। बीएड की परीक्षाएं भी सेमेस्टर आधार पर ही होती हैं। जिन विद्यार्थियों को प्रवेश दिसंबर माह में मिला है, उन्हें मात्र एक माह की पढ़ाई के बाद ही परीक्षाएं दिलानी होंगी। एससीईआरटी द्वारा प्रतिवर्ष देर तक काउंसिलिंग किए जाने के कारण यह स्थिति निर्मित होती है। सीटें रिक्त होने के चलते भी एससीईआरटी को प्रवेश तारीखें कई बार बढ़ानी पड़ी। इसका असर भी काउंसिलिंग पर दिखा।

**पीजी के पर्चे 3 से** वहीं दूसरी ओर स्नातकोत्तर कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाएं 3 जनवरी से प्रारंभ होंगी। रविवि द्वारा इसके लिए दिसंबर माह में समय-सारिणी जारी की गई थी। परीक्षा फॉर्म सहित अन्य तरह की औपचारिकताएं भी पूर्व में ही पूर्ण कर ली गई थीं। परीक्षा केंद्र निर्धारण सहित प्रवेश पत्र वितरण और अन्य तैयारियां रविवि पहले ही कर चुका है।

---

# प्रथम वर्ष के विषय द्वितीय-तृतीय वर्ष में बदल सकेंगे विद्यार्थी, लेकिन चुनने होंगे अलग संकाय से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रथम वर्ष में जेनेरिक इलेक्टिव के रूप में जिस विषय का चयन छात्रों ने किया है, उसका अध्ययन द्वितीय और तृतीय वर्ष में करना अनिवार्य नहीं है। छात्र द्वितीय और तृतीय वर्ष में पृथक विषय का चुनाव कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को अपने संकाय के इतर अन्य संकाय से विषय चुनाव की छूट दी गई है। ▶▶| शेष पेज 24 पर

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति : जेनेरिक इलेक्टिव सब्जेक्ट के अंतर्गत पृथक विषय चुनाव का विकल्प

### अगले सत्र से सुविधा

प्रथम वर्ष में अध्ययनरत छात्रों को अगले सत्र में विषय बदलने की सुविधा मिलेगी। वे सभी वर्षों में जेनेरिक इलेक्टिव के अपने विषयों में बदलाव कर सकते हैं।

\- डॉ. देवाशीष मुखर्जी, सचिव प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# हरिभूमि लाइव



ग्रैंड इम्पीरिया



### लाइव फूड काउंटर

होटल हयात में खाने के लिए लाइव काउंटर लगाया गया था। लोगों को अपने स्वादानुसार खाना बनवाने की सुविधा दी गई। गाला डिनर में विविध तरह के व्यंजन शामिल रहे। परिवार के साथ नए साल का जश्न मनाने लोग पहुंचे हुए थे।





काली माता मंदिर, आकाशवाणी





सुस्वागतम - 2025

# जश्न में डूबी राजधानी, झूमे रायपुरियन्स

## होटलों और फॉर्म हाउस में देर रात तक रहा जश्न का माहौल

रायपुर। नए वर्ष की नई सुबह के इंतजार में लोग पूरी रात झूमते रहे। घड़ी की टिकटिक पर लोगों की नजरें टिकी रहीं। जैसे ही रात के 12 बजे, लोगों ने पुराने साल 2024 को विदाई देते हुए नए संकल्प के साथ नई शुरुआत की। यूं तो शहर के छोटे-बड़े होटलों से लेकर रेस्तरां और कॉलोनियों में भी आयोजन रखे गए थे, लेकिन सर्वाधिक उत्साह और जश्न का माहौल शहर के आउटर स्थित फॉर्म हाउस और बड़े होटल्स में रहा। इस बार महानगरों से डीजे तो आए ही थे, साथ ही सेलिब्रिटीज ने भी जश्न का उत्साह दोगुना कर दिया। बॉलीवुड सिंगर जसलीन मथारू ने अपनी दिलकश आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लाइव डीजे बैंड पर नए-पुराने गीतों पर बच्चों, युवाओं, महिला-पुरुषों ने खूब एंजॉय किया।



होटल कोर्टयार्ड मैरियट

### डीजे की धुन पर पांच घंटे डांस

होटल कोर्टयार्ड मैरियट में युवाओं ने रात 8 बजे से 12 बजे तक जमकर डांस किया। यहां डीजे की धुन पर हर कोई झूमता नजर आया। रात 12 बजने के बाद केक काटा गया और सभी ने एक-दूसरे को नए वर्ष की बधाई दी। यहां बड़ी संख्या में युवाओं का समूह पार्टी एंजॉय करने पहुंचा था।

### हाई बीट पर झूमे

ललित महल में पार्टी रात 10 बजे से शुरू हो चुकी थी। डीजे और लाइव बैंड पर लोगों ने खूब डांस किया, जैसे ही घड़ी की सुई 12 बजने के करीब पहुंची, सभी ने काउंटडाउन शुरू कर दिया। नए साल का आगाज होते ही एक-दूसरे से हाथ मिलाकर, गले मिलकर बधाई दी। डीजे की हाई बीट पर युवा घंटों झूमते रहे। होटलों में कपल्स और फैमिली के लिए अलग से पार्टी और डिनर की व्यवस्था की गई थी।

### मरीन ड्राइव पर केक सेरेमनी

वीकेंड होने के कारण मरीन ड्राइव पर शाम से ही माहौल खुशनुमा रहा। बड़ी संख्या में लोग परिवार और दोस्तों के साथ यहां पहुंचे थे। नए साल पर लोगों ने केट काटकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस दौरान सड़कों पर आतिशबाजी भी देखने को मिली। इसी तरह कटोरा तालाब और नालंदा परिसर में लोगों, विशेषकर छात्रों ने नए साल का जश्न मनाया।





### मोहल्लों में सांस्कृतिक आयोजन

*कुछ कॉलोनियों में डीजे की व्यवस्था की गई थी। मोहल्लों में भी साल 2024 के स्वागत पर सांस्कृतिक आयोजन किए गए। हालांकि यहां बड़े पैमाने पर आयोजन नहीं हुए। छोटे रेस्तरां में भी डांस, लाइव डीजे, पार्टी का आयोजन हुआ। घड़ी की सुईयों ने जैसे ही 12 बजाए, महफिल की रौनक बढ़ गई। कपल्स ने जमकर मस्ती की। कैंडल लाइट डिनर का भी बंदोबस्त किया गया था।*





होटल हयात





### नए साल की मस्ती में डूबा शहर

*होटलों में डीजे पर युवा झूमते नजर आए। कपल्स ने जमकर मस्ती की। अपनी पसंदीदा म्यूजिक बीट्स पर सभी ने खूब डांस किया। होटलों में विभिन्न प्रकार के व्यंजन, वेज और नॉनवेज का लोगों ने स्वाद चखा। लाइट म्यूजिक के बीच लोगों ने कैंडल लाइट डिनर किया। रात 12 बजे होटलों में केक सेरेमनी हुई।*



## जय जय श्री कृष्णचैतन्य नित्यानंद....भजन पर झूमे श्रद्धालु

### इस्कॉन मंदिर में वृंदावन ले लाई गई पोशाक

रायपुर। जय राधा जय माधव...जय राधा गिरवर धारी...जय राधे जय राधे राधे...नववर्ष का स्वागत श्रीकृष्ण के भजनों के साथ किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु भजनों की धुन पर झूमते-गाते रहे। देर रात तक हुए इस कार्यक्रम में 800 से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने भगवान की समक्ष नववर्ष का केक कटिंग कर स्वागत किया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में देर रात तक भीड़ उमड़ती रही।





### रात 12 बजे आतिशबाजी और फूलों की बारिश

टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर में मंगलवार की रात उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डेढ़ लाख की भव्य पोशाक, फूल, स्वर्ण-चांदी के आभूषणों से श्रीकृष्ण एवं राधा रानी का श्रृंगार किया गया। वृंदावन से पीले रंग की पोशाक नववर्ष के लिए खास तैयार कराकर मंगाई गई, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रही। शाम 6 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत भजन के साथ की गई। इसके बाद सिद्धार्थ स्वामी महाराज ने श्रीकृष्ण कथा का वाचन किया। इसमें श्रीकृष्ण की बाललीला एवं माता यशोदा की कथा सुनाई।

### गोपाल मंदिर में भजन संध्या

सदरबाजार स्थित गोपाल मंदिर में भी नववर्ष के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में श्रीकृष्ण, श्रीराम एवं भगवान शिव-शंकर के भजनों का गायन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति देर रात तक बनी रही। संध्या आरती के पश्चात भक्तों ने भजन गायन प्रारंभ किया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202412114900017/अ-6 /वर्ष 2024-2025 रायपुर, दिनांक 17/12/2024

ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/ दानग्रहिता श्री कमलेश कुमार सोनी पिता श्री करसन दास सोनी निवासी म.नं. 51/1128 बोरिया रोड सुमीत किराना स्टोर्स के पीछे कृष्णा नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन-पत्र अन्तर्गत धारा 110 छ.ग.भू.रा.सं. के तहत प्रस्तुत किया गया है जिसके अनुसार ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 रा.नि.मं. रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि संधारण खसरा में शीट नंबर 65 भूखण्ड क्रमांक 4/14 खसरा नंबर 540/4 रकबा 1316 वर्गफुट को आवेदिका के द्वारा पंजीकृत दान विलेख (CG-2024-25-106-1-5615) निष्पादन दिनांक 25/10/2024 के माध्यम से दानदाता/अनावेदिका श्रीमती मुक्ताबेन सोनी पति श्री करसन दास सोनी निवासी वार्ड नंबर 51 बोरिया रोड लोकेश किराना स्टोर्स के पास कृष्णा नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से दान में प्राप्त कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया गया है। अतः उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूमि को आवेदक के नाम पर दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 06/01/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**रायपुर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार सूर्य कुमार साहू व टीकम साहू दोनो पिता विश्राम साहू दोनो निवासी बाजार चौक शीतला मंदिर डंगनिया, रायपुर छ.ग. द्वारा विक्रेता श्रीमती यशोधरा देशभ्रतार पति श्री सिद्धार्थ देशभ्रतार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की खुली परिवर्तित भूमि वाके मौजा ग्राम रायपुरा, प.ह.न. 00057 रा.नि.म. रायपुरा, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नंबर 613/13 रकबा 1680 वर्गफुट को को क्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम प्रतिफल राशि प्रदान कर दिया है। उक्त भूमि का बैनामा पंजीयन शेष है।

यह कि उक्त सौदे के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक, निगम, इत्यादि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनो के भीतर मय सुसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है बाद म्याद गुजर जाने पर की गई उजर, आपत्ति या दावा अमान्य अवैध व शून्य होगी, तत्पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर उक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेवेगा। अतः सूचना जाने

रायपुर छ.ग. दिनांक

**भवदीय**
**राजेश सोनकर अधिवक्ता**
**मो.न. 9826504767**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ / ब-121/ 2023-24

रायपुर, दिनांक 31.12.2024

ग्राम टाटीबंध, प.ह.नं. .......

तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक ममता कल्याणी पति राजेश कल्याणी द्वारा इस न्यायालय जन्म प्रमाण पत्र बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है आवेदक के पुत्री ओवी कल्याणी की जन्म दिनांक 20.07.2012 को हॉस्पिटल में हो चुका है। उनके जन्म उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 10.01.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालन दण्डाधिकारी**
**रायपुर (छ.ग.)**



Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद

Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564

वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment

उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


नववर्ष मंगलमय हो!
हर घर में खुशहाली हो,
हर गली में तरक्की की कहानी हो,
आपके साथ से हमारा हर सपना साकार हो।
2025
नववर्ष
एवं
गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेश एवं देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
आपका अपना जनसेवक
मेवालाल साहू
रायपुर ग्रामीण विधानसभा
जनसेवक
सत्यभामा साहू
कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड
नववर्ष 2025 आपके जीवन में अपार खुशियाँ,
सुख-समृद्धि और सफलता लेकर आए।

**खबर संक्षेप**

### बेन्द्री में मड़ई आज

**अभनपुर।** ग्राम बेन्द्री में ग्राम विकास एवं मड़ई मेला समिति द्वारा 1 जनवरी को मड़ई मेला एवं नवघोष युवा संगठन के नेतृत्व मे 2 जनवरी को भव्य राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। डांस स्पर्धा मे सामूहिक, युगल, एकल में आकर्षक नगद पुरस्कार दिया जाएगा। मंडई अवसर पर रात्रिकालिन सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वरांजली सिहावा धमतरी की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी विरेन्द्र यादव एवं प्रेम देवांगन ने दी।

### ग्रामी बाना में श्री शिव महापुराण कथा आज से

**आरंग।** ग्राम बाना में 1 से 5 जनवरी तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा वाचिका किशोरी आराध्या शर्मा होंगी। कार्यक्रम में 1 जनवरी को कलश यात्र एवं वेदी पूजन, 2 को शिव पुराण महात्म्य एवं शिवलिंग उत्पत्ति, 3 को कामदेव संवाद एवं सती चरित्र, 4 को पार्वती जन्म एवं शिव पार्वती विवाह, 5 को ज्योतिर्लिंग, कथा विश्राम, चढोत्री एवं यज्ञ पुर्णाहुति के साथ कथा का समापन होगा। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक है।

नव वर्ष पर युवाओं के स्टार्टअप की सफल कहानी, अब इसे लोगों की मिलेगी मदद

# स्टार्टअप से दैनिक जीवन की जटिलताओं को बनाया आसान, रिसर्च से बनाई नई तकनीक

**रायपुर।** दोनों भाई हेल्थकेयर के क्षेत्र में अपना स्टार्टअप चला रहे हैं। इनकी कंपनी का नाम ए2जी लाइफकेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड है। इनका उत्पाद जिम जाने वालों के लिए है। निकेत ने बताया कि बाजार में विदेशी महंगे प्रोटीन, क्रिएटिन आदि बिक रहे हैं। इसके समानांतर कुछ देशी और जैविक पदार्थ बनाने की जद्दोजहद में हमने अपनी कंपनी की शुरुआत की। इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि जो भी उत्पाद बनाया जाए, वह पूरी तरह से जैविक हो। निकेत बताते हैं कि उन्होंने स्मेलिंग अमोनिया बनाया है, जो पात्र में होता है। जिसे सूंघने से शरीर में ऑक्सीजन को अंदर लेने की क्षमता बढ़ जाती है। इसे लोग जिम करने से पहले सूंघते हैं। उन्होंने आगे बताया कि उनके पास बेहतर गुणवत्ता के प्रोटीन पॉउडर हैं, जिसके 25 हजार के करीब ग्राहक हैं। इसके अलावा उनके पास क्रिएटिन सप्लीमेंट भी है, जो शरीर में पानी होल्ड रखता है। निकेत बताते हैं कि भारतीय बाजार में उनका 43 प्रतिशत शेयर है।

**एनआईटी से जुड़े स्टार्टअप जीवन को बना रहे आसान, आयात पर कम हो रही निर्भरता**



### दंपति साथ मिलकर उगा रहे जैविक फसलें



एनआईटी रायपुर से पासआउट दंपति प्रासु गुप्ता और आरुषि कीर्ति जैविक खेती पर काम कर रहे हैं। इनकी कंपनी माय फार्म नेचुरल प्राइवेट लिमिटेड है। प्रासु बताते हैं कि वे पूरी तरह जैविक खेती करते हैं। इसमें गेंहू की काला जामुन, चावल की रामजीरा, विष्णु भोग, दिल कस्तूरी व लोक्ति और अरहर की देसी मोटी दाल (साल में दो बार कटाई) की विलुप्त हो रही प्रजातियों की फसल उगा रहे हैं। इसके अलावा श्रीधान्य फसलों का भी उत्पादन कर रहे हैंर जिसमें मोटा अनाज ज्वार, बाजारा आदि आते हैं।

### घर बैठे वाट्सएप चैटबॉट से जमा कर सकते हैं निगम के टैक्स



भिलाई के सजल मल्होत्रा और उनके चाचा शैलेंद्र आनंद मिलकर आत्मिक भारत इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड नाम का स्टार्टअप चलाते हैं। सजल ने कर्नाटक के दयानंद सागर एकेडमी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट से पढ़ाई की है। सजल बताते हैं कि उनकी कंपनी मेटा की टेक पार्टनर है। उनकी कंपनी सरकारी संस्थाओं और प्राइवेट संस्थानों को सेवा प्रदान कर रही है। मौजूदा समय में उनकी कंपनी रायपुर नगर निगम के साथ मिलकर काम कर रही है।

## पेंशनरों व सेवानिवृत्त कर्मचारी सम्मान समारोह 3 जनवरी को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा एवं छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा तिल्दा के संयुक्त तत्वावधान में 3 जनवरी को दोपहर 2 बजे कर्मचारी भवन तिल्दा में 75 वर्ष से ऊपर के पेंशनरों और 2024 में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के सम्मान समारोह के साथ ही नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया है जिनके मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा होंगे।अध्यक्षता छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष मनहर करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्री राम पंजवानी और वायए कुरैशी करेंगे। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के महासचिव अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि संघ की बैठक में एसके पांडेय, अभिमन्यु वर्मा, रघुनंदनलाल शांडिल्य, भरत कश्यप, भुनेश्वर प्रसाद वर्मा, रामचंन्द वर्मा का जन्मदिन मनाया गया। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष श्री रामावतार पांडेय ने कहा कि मंत्री जी के कार्यक्रम में सभी साथियों की उपस्थिति अनिवार्य है। सभी साथियों को कर्मचारी एवं पेंशनर एकता का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाना होगा। बैठक को कोषाध्यक्ष जवाहरलाल सिरमौर, सचिव सेवादास वैष्णव, रामचंद्र वर्मा, कृष्ण मुरारी वर्मा ने भी संबोधित किया। गोपाल वर्मा, टापलाल वर्मा, यशवंत वर्मा के कविता पाठ ने सभी को रोमांचित कर दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से लालू राम वर्मा, आरएल वर्मा, तुलसीराम वर्मा, एमआर साहू, रामेश्वर प्रसाद वर्मा, बलीराम यादव, घनश्याम वर्मा, रामकुमार वर्मा, दानीराम वर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, शिवकुमार भारद्वाज सहित अनेक साथी उपस्थित थे। अंत में संघ के मृतक साथियों और पूर्व प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।



## सेमरिया में लगा ओबीसी प्रशिक्षण शिविर

**आरंग।** साहू समाज भवन सेमरिया में ओबीसी संयोजन समिति के बैनर तले प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष टिकेश्वर अभिनव सिंह ने कहा कि हजारों वर्षों से ओबीसी वर्ग समाज शोषित है। भारत की आजादी के बाद में जब हमारे लोगों ने लिखना पढ़ना शुरु कर हक अधिकार के लिए आगे आना शुरू किया, लेकिन पेट की बिकलाली ने हमारे समाज के लोगों को केवल कमाने और खाने तक ही सीमित रख दिया है। ऐसे में ये शिक्षा, स्वास्थ्य, नवविकास निर्माण के बारे में कहां सोचेंगे। इस दौरान कृष्ण कुमार साहू को ग्रामीण अध्यक्ष और गोपीराम साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया। शिविर में धरसीवा ब्लॉक के प्रचारक तामेश्वर साहू, धमतरी जिला अध्यक्ष चेतन साखरे, पूर्व सरपंच गंगा राम डांडे, लेखु साहू, गणेश लहरी, शोभाराम साहू, लेखराम साहू आदि शामिल हुए।

## क्रिकेट स्पर्धा में मोहदा विजेता, कुंरा रही उपविजेता



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम मोहदा में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया। फायनल मैच कुंरा व मोहदा के बीच खेला गया। कुंरा की टीम ने टास जीत कर बैटिंग करने का फैसला लिया। कुंरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 10 विकेट खो कर 53 रन ही बना पाए।जिसके जवाब में मोहदा की टीम ने 9 ओवर 1 गेंद में 5 विकेट खो कर मैच पर कब्जा जमाया। इस तरह मोहदा की टीम 5 विकेट से विजयी रहे। तृतीय स्थान पर मुर्रा रहे। इस प्रतियोगिता के मेन आफ दी सीरीज व मेन आफ दी मैच सौरभ सिंहा मोहदा रहे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्पराज वर्मा थे। विशिष्ट अतिथि भाजपा रायपुर ग्रामीण महामंत्री अनिल अग्रवाल, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, समाज सेवी महेंद्र साहू, सोसायटी अध्यक्ष केयूर भूषण शर्मा, जनपद सदस्य चिमन साहू, जनपद सदस्य रतनचंद निषाद, पूर्व जनपद सदस्य यशवंत वर्मा, उप सरपंच जनक राम साहू, ईश्वर यद्गु, जागेश्वर सेन, गिरीश साहू, विश्वनाथ चौहान, पवन अग्रवाल, हेमू राम वर्मा, पंच उमेश्वरी सिंहा, पंच भुनेश्वरी वर्मा, टीकम वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मंच का संचालन भूपेंद्र सिंहा ने किया।

## ताराशिव में किया गया हनुमान चालीसा का पाठ

**तिल्दा नेवरा।** समीपस्थ ग्राम ताराशिव में बजरंग चौक पर हनुमान मंदिर प्रांगण में 1108 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण तथा मुख्य द्वार को आकर्षक रूप से सजाया गया। हनुमान चालीसा पाठ में गांव के श्रद्धालु भक्त काफी संख्या में सम्मिलित हुए। संध्या के समय भगवान हनुमान के अवतार को श्रद्धालुओं के सामने प्रस्तुत किया गया। तथा भगवान हनुमान की भक्ति भगवान राम सीता के प्रति इस पर विस्तार से बताया गया। इस दौरान मधुर संगीत में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में झूमने लगे। बच्चों के साथ-साथ बुजुर्गों में भी भक्ति भाव देखने को मिला। पंडित जी का कहना है कि सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ से पूरे समाज, भारतवर्ष और पूरी दुनिया का कल्याण होगा। आजकल बच्चे टीवी, मोबाइल फोन और अन्य चीजों में उलझे होते हैं। वह अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। इसलिए उन्हें अच्छी शिक्षा के साथ साथ भारत की संस्कृति और सभ्यता की भी सीख मिलनी चाहिए। इस लक्ष्य को लेकर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामाधार वर्मा, मिलाप राम नायक, अनिल नायक, आदि नायक, लेख राम वर्मा, दीक्षा वर्मा, भावना वर्मा, गंगोत्री नायक, रम्भा वर्मा, चंद्रकला वर्मा, गौतम वर्मा, चित्ररेखा वर्मा, हिमांशु वर्मा, कान्हा वर्मा, क्षितिज शर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित है।













संकलनकर्ता - देवेन्द्र वर्मा हरिभूमि संवाददाता, तरपोंगी मों. 9300333339

एजूकेशन अपडेट

## पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव, समुदायों की कानूनी जरूरतों का बताया महत्व



**रायपुर।** हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ने कॅरियर डेवलपमेंट कॉन्क्लेव 2.0 कार्यक्रम के तहत महत्वपूर्ण वर्चुअल पैनल डिस्कशन का आयोजन किया। पहला सत्र कम्युनिटी लॉयरिंग: स्ट्रेटजीज फॉर बिल्डिंग अ सक्सेसफुल कॅरियर इन सोशल जस्टिस और दूसरा ज्यूडिशियल एथिक्स एंड प्रोफेशनलिज्म: अ गाइड टू ज्यूडिशियल सर्विस कॅरियर विषय पर केंद्रित रहा। कुलपति प्रो. (डॉ.) वीसी विवेकानंदन ने यूनिवर्सिटी की समग्र कानूनी शिक्षा होलिस्टिक लीगल एजुकेशन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता पर बल दिया। डिस्कशन की शुरुआत डॉ. किरण कोरी ने हाशिए पर पड़े समुदायों की कानूनी जरूरतों को पूरा करने के लिए कम्युनिटी लॉयरिंग के बढ़ते महत्व को रेखांकित करते हुए की।

### सामाजिक योगदान पर जोर

डॉ. अंकित अवस्थी ने लॉ स्कूलों और सिविल सोसायटी ऑर्गेनाइजेशंस के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। प्रो. अजय कुमार पांडे ने इंडियन सोशल इंस्टीट्यूट के लीगल एड डिपार्टमेंट में अपने अनुभव साझा किए और लीगल एम्पॉवरमेंट कार्यक्रमों का मॉडल प्रस्तुत किया। पूर्व छात्रा डिंपल, सेक्रेटरी कोरबा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने न्याय तक पहुंचने में आने वाली बाधाओं पर चर्चा की और कमजोर वर्गों का सहयोग करने में पैरालीगल वॉलंटियर्स का महत्व बताया। शशांक शेखर ने न्यायिक सेवाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली स्थिरता और सामाजिक योगदान पर जोर दिया। उन्होंने अभ्यर्थियों को अपने लक्ष्यों को प्राथमिकता देने और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की सलाह दी। शाश्वत दुबे ने बेयर ऐक्ट्स का अध्ययन करने, न्यायिक अधिकारियों की नैतिक जिम्मेदारियों और कोर्ट प्रशासन में तकनीकी समावेशन के महत्व पर भी जोर दिया।

सिटी लाइव

## बच्चों ने रंगों की बौछार कर दिखाया करिश्मा, इंद्रधनुष-सी प्रतीत हो उठी धरा



रायपुर। स्वदेशी मेले के पांचवे दिन मंगलवार को पुण्य श्लोका अहिल्यादेवी होलकर पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की प्रांत सह संयोजिका डॉ. वर्णिका शर्मा ने जनमानस के हित के लिए जीवन समर्पित करने वाली देवी अहिल्याबाई के योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही शिक्षा, धर्म, न्याय के ऊपर लिए गए उनके सशक्त निर्णयों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल और डॉ. प्रीति उपाध्याय बतौर अतिथि मौजूद रहीं। इसके बाद बच्चों और युवाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसे दो समूह में बांटा गया। पहला चार से बारह वर्ष तक के और दूसरा 12 से अधिक आयुवर्ग के बच्चों के लिए रखा गया। इसमें कुल 39 बच्चों ने भाग लिया। मुक्तहस्त रंगोली की थीम पर रंगों की बौछार की गई, जिससे धरा का कैनवास इंद्रधनुष-सा प्रतीत हो उठा। इसमें भगवान गणेश, शिवा, गौमाता, काशीघाट, संत समागम जैसे खूबसूरत दृश्यों को हूबहू उकेरा गया। ग्रुप ए में इसरार खान ने पहला, मीनल अग्निहोत्री ने दूसरा स्थान हासिल किया।

### लजीज लगा तेलुगू गीत, नृत्य और व्यंजन का तड़का

सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में आंध्रप्रदेश की पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया। शानदार नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को मोहित कर दिया। सी. नागेश्वर राव के निर्देशन में क्लासिकल डांस पेश किया गया, इसमें जी. हृतिका, वसंथ लक्ष्मी ने नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। वहीं पी. मीना, अनीता राव एवं श्रीलक्ष्मी ने तेलुगू गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। वेनिला, यगिनी, प्रतिज्ञा, वंशिका, चिरंजीवी, ज्ञानेश्वर, प्रवीण, जी. रामा, एम. सुनीता और के. माणिक्यम ने भी मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं आंध्रा के मसालेदार, चटपटे और मीठे स्वादों से भरपूर व्यंजनों का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। लोगों ने कहा कि पुलिहोरा, इडली, वड़ा, मैसूर डोसा, बुरेलु और जुन्नू सबकुछ बहुत ही स्वादिष्ट है।

### पत्तों पर चांदी लिखित मंत्रों से आएगी घर में सुख-शांति

*स्वेदशी मेले में पहली बार शरीक श्वेत व लाल चंदन के हस्तलिखित मंत्रों के तोरण, बंदनवार का स्टॉल भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसके निर्माता आशुतोष दुबे ने बताया कि वे तीन वर्षों से इस कला को सीख कर रहे हैं, साथ ही इस पर काम भी रहे हैं। ईश्वर पर अर्पित किए हुए पुष्पों का उपयोग कर तुलसी, गुलाब, चंदन आदि से इसकी स्याही तैयार करते हैं। आम, पीपल, बरगद आदि के पत्तों पर वैदिक एवं बीज मंत्रों को बनाई गई चांदी की स्याही से लिखते हैं, जिसका ध्येय घर में प्रवेश करने वाले लोग मंत्रों को पढ़ें, ताकि घर के वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा और सुख, समृद्धि व शांति बनी रहे।*



## विद्यार्थियों की तिरंगा रैली आज

**रायपुर।** छत्रपति शिवाजी विद्यालय द्वारा नववर्ष पर विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 1 जनवरी को सुबह 7 बजे अंबे माता मंदिर प्रांगण से तिरंगा यात्रा शुरू होगी, जो आजाद चौक, तात्यापारा, फूल चौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, कोतवाली चौक, सदर बाजार से वापस अंबे माता मंदिर की ओर लौटेगी। इस अवसर पर विद्यालय के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहेगी। इसमें आकर्षण का केंद्र भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, छत्रपति शिवाजी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई व सेना के जवानों के परिधान व वेशभूषा में छात्र शामिल होंगे। तिरंगा रैली का मार्गदर्शन विद्यालय के डायरेक्टर मुकेश शाह करेंगे।

## नव वर्ष पर युवाओं के स्टार्टअप की सफल कहानी, अब इसे लोगों का मिलेगी मदद

# स्टार्टअप से दैनिक जीवन की जटिलताओं को बनाया आसान, रिसर्च से बनाई नई तकनीक

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में मेंटरशिप प्रोग्राम के तहत फिलहाल 15 स्टार्टअप चल रहे हैं। ये सभी स्टार्टअप लोगों की थाली से लेकर, जलकर भरने, जिम सप्लीमेंट्स, सैनेटरी पैड, इलेक्ट्रिकल व्हीकल तक जुड़े हुए हैं। ये सभी स्टार्टअप लोगों के दैनिक जीवन के कामों में आसानी लाने की कोशिश कर रहे हैं। हरिभूमि ने मंगलवार को साल के आखिरी दिन अपने पाठकों के लिए स्टार्टअप चला रहे युवाओं से खास बातचीत की। इसका एकमात्र ध्येय पाठकों को नववर्ष की शुरुआत सकारात्मक स्टोरी से रूबरू कराने को लेकर है। इस कड़ी में एनआईटी रायपुर से 2022 में पासआउट हुए निकेत कुमार और उनके भाई संकेत शेखर से बात की गई।

**रायपुर।** दोनों भाई हेल्थकेयर के क्षेत्र में अपना स्टार्टअप चला रहे हैं। इनकी कंपनी का नाम ए2जी लाइफकेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड है। इनका उत्पाद जिम जाने वालों के लिए है। निकेत ने बताया कि बाजार में विदेशी महंगे प्रोटीन, क्रिएटिन आदि बिक रहे हैं। इसके समानांतर कुछ देशी और जैविक पदार्थ बनाने की जद्दोजहद में हमने अपनी कंपनी की शुरुआत की। इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि जो भी उत्पाद बनाया जाए, वह पूरी तरह से जैविक हो।

निकेत बताते हैं कि उन्होंने स्मेलिंग अमोनिया बनाया है, जो पात्र में होता है। जिसे सूंघने से शरीर में ऑक्सीजन को अंदर लेने की क्षमता बढ़ जाती है। इसे लोग जिम करने से पहले सूंघते हैं। उन्होंने आगे बताया कि उनके पास बेहतर गुणवत्ता के प्रोटीन पॉउडर हैं, जिसके 25 हजार के करीब ग्राहक हैं। इसके अलावा उनके पास क्रिएटिन सप्लीमेंट भी है, जो शरीर में पानी होल्ड रखता है। निकेत बताते हैं कि भारतीय बाजार में उनका 43 प्रतिशत शेयर है।

**एनआईटी से जुड़े स्टार्टअप जीवन को बना रहे आसान, आयात पर कम हो रही निर्भरता**



### दंपति साथ मिलकर उगा रहे जैविक फसलें



एनआईटी रायपुर से पासआउट दंपति प्रासु गुप्ता और आरुषि कीर्ति जैविक खेती पर काम कर रहे हैं। इनकी कंपनी माय फार्म नेचुरल प्राइवेट लिमिटेड है। प्रासु बताते हैं कि वे पूरी तरह जैविक खेती करते हैं। इसमें गेंहू की काला जामुन, चावल की रामजीरा, विष्णु भोग, दिल कस्तूरी व लोक्ति और अरहर की देसी मोटी दाल (साल में दो बार कटाई) की विलुप्त हो रही प्रजातियों की फसल उगा रहे हैं। इसके अलावा श्रीधान्य फसलों का भी उत्पादन कर रहे हैंर जिसमें मोटा अनाज ज्वार, बाजारा आदि आते हैं। प्रासु बताते हैं कि वे किसानों के लिए कार्यक्रम भी आयोजित कराते रहते हैं। उनके पास फिलहाल में छह फॉर्म हैं। उनकी कंपनी इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से भी जुड़ी हुई है।

### घर बैठे वाट्स एप चैटबॉट से जमा कर सकते हैं निगम के टैक्स



भिलाई के सजल मल्होत्रा और उनके चाचा शैलेंद्र आनंद मिलकर आत्मिक भारत इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड नाम का स्टार्टअप चलाते हैं। सजल ने कर्नाटक के दयानंद सागर एकेडमी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट से पढ़ाई की है। सजल बताते हैं कि उनकी कंपनी मेटा की टेक पार्टनर है। उनकी कंपनी सरकारी संस्थाओं और प्राइवेट संस्थानों को सेवा प्रदान कर रही है। मौजूदा समय में उनकी कंपनी रायपुर नगर निगम के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने वाट्स एप चैटबॉट बनाया है, जिसके माध्यम से लोग जल, संपत्ति, समेकित आदि करों को आसानी से अपने वाट्स एप नंबर के जरिए जमा कर सकते हैं। नगर निगम को कोई सूचना लोगों तक पहुंचाने में भी ये मदद करता है। सजल बताते हैं कि इसके अलावा वो सोलर पंप को घर बैठे बंद करने वाले उपकरण पर भी काम कर रहे हैं।

नई सोच ही नए जीवन को जन्म देती है। किसी भी बदलाव का आधार स्तंभ सोच पर ही निर्भर होता है। अगर व्यक्ति के सोच की दिशा सही है तो यह दूसरों के जीवन में भी नई रोशनी लाने का काम करती है। कुछ ऐसा ही प्रयास प्रदेश के युवा बायोटेक वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा ने किया, जिन्होंने 15 साल के रिसर्च के बाद जल संरक्षण के क्षेत्र में अनोखी ई-बॉल तैयार की है, जिसकी चर्चा देश और विदेशों में भी है। यह कैल्शियम कार्बोनेट से बना पैदा बैक्टीरिया और फंगस का कांसोर्टिया है। डॉ. शर्मा ने अब नवाचार सफल होने के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों को साफ करने के लिए बीड़ा उठाया है।

**बायोटेक वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा ने ई-बॉल के जरिए प्रदेश के तालाब और कुएं पुनर्जीवित करने का उठाया बीड़ा**

# पानी साफ करने 15 साल रिसर्च, अब गांव में तालाब और कुएं तकनीक से हो रहे साफ

**रायपुर।** डॉ. शर्मा ने बातचीत में बताया कि गांव में तालाब और कुएं खत्म होते जा रहे हैं। इसकी मुख्य वजह नियमित साफ-सफाई नहीं होना है। नवाचार के जरिए अब ऐसे तालाब और कुओं को पुनर्जीवित किया जा रहा है, ताकि इसकी उपयोगिता बनी रहे। वर्तमान में 70 से अधिक तालाबों को डॉ. प्रशांत ने अपने स्तर पर ई-बॉल के जरिए साफ कर दिखाया है। उनका कहना है कि यह नैतिक जिम्मेदारी है कि हम समाज को अपना योगदान दें। पानी सफाई की मांग पर उनकी मदद कर रहा हूं, ताकि वन्यजीव पानी का उपयोग पीने के रूप में कर सकें।



### विदेशी वैज्ञानिक ने माना ई-बॉल असरदार तकनीक

देश के अन्य राज्यों में भी ई-बॉल का सफल परीक्षण किया गया है। इस नवाचार ने विदेशी वैज्ञानिकों को भी चौंकाया है। बीते दिनों धमतरी में जल जगार महोत्सव में पहुंचे विदेशी वैज्ञानिकों ने भी ई-बॉल को दुनिया की असरदार तकनीक बताया है। कम लागत और कम समय में पानी साफ करने की तकनीक दुनिया में केवल भारत में देखने को मिली है। डॉ. प्रशांत ने बताया कि पानी की गुणवत्ता सुधार के लिए इसे तैयार किया था। विभिन्न राज्यों में इसके जरिए नदी व तालाबों को साफ किया जा रहा है। अब छत्तीसगढ़ के तालाब और कुएं के दूषित पानी को साफ किया जा रहा है। तालाबों के पानी के उपचार पश्चात ई-बॉल द्वारा उपचारित पानी के किसी भी प्रकार के उपयोग से मानव समुदाय, जलीय जीवों और जानवरों को भी नुकसान नहीं होता है।



### अब नवाचार से मिलेगा रोजगार

अनोखे नवाचार को नई दिशा देने के लिए डॉ. प्रशांत ने भारत सरकार से ग्रांट के लिए आवेदन किया है। सहायता योजनाओं में अनुदान से अब जल्द इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इसका सीधा लाभ छत्तीसगढ़ को मिलेगा। डॉ. प्रशांत का कहना है कि ई-बॉल को बनाने में मात्र 2 रुपए की लागत आती है। यह ई-बॉल 8 डिग्री से लेकर 45 डिग्री तक के पानी में कारगर साबित होती है। नालियों में इसका प्रभाव 90 दिनों तक रहता है। 10 से 12 फीट गहरे एक एकड़ तालाब की सफाई के लिए करीब 460 ई-बॉल 6 महीनों के भीतर डाली जाती हैं। तालाब साफ होने में 8 महीने का समय लगता है। परिणाम एक महीने के भीतर ही दिखने लगे जाते हैं। ई-बॉल में मौजूद लाभदायक बैक्टीरिया और फंगस पूर्व से जलस्रोत में उपलब्ध जैविक कीड़ों से नाइट्रोजन और कार्बन को भोजन के रूप में ग्रहण करके अपनी संख्या में गुणात्मक वृद्धि करके पानी में उपस्थित हानिकारक सूक्ष्मजीवों को समाप्त कर पानी की गुणवत्ता में सुधार करता है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम) गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया, बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

GK TMT सपनों को जीके देखो
श्रीनाथ ट्रेड लिंक के सौजन्य से
दुर्गा मंदिर के पास मेन रोड डुंडा, रायपुर मो. 98271-34515 89592-22666
लकी ड्रॉ 31 मार्च 2025 को
150 बंडल जीके टीएमटी की खरीदी पर आकर्षक उपहार
प्रथम प्राइस 265 लीटर डबल डोर फ्रिज
द्वितीय प्राइस टॉप लोड वाशिंग मशीन
अन्य प्रतिभागी जो 150 बंडल टीएमटी उठा चुके हैं उनके लिए अन्य आकर्षक उपहार

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 79871 19756, 90981 38778

पिकनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक
बारनावापारा, सिरपुर में पिकनिक प्रति व्यक्ति केवल 650/- में
नाश्ता - दोपहर का लंच, शाम की चाय (मिनिमम 50 व्यक्तियों हेतु)
आओ और अपने परिवार और मित्रों के साथ एक यादगार दिन बिताएं!
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now ▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
भामरा गार्डन बारनवापारा
9589386162

# शहर में मुक्कड़ और सफाई की स्थिति परखने फरवरी के बाद आएगी केंद्रीय टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए केंद्रीय टीम फरवरी के बाद रायपुर आएगी। गारबेज फ्री सिटी यानी मुक्कड़ मुक्त शहर और खुले में शौच की प्रवृति की धरातल पर जांच करने अलग-अलग टीम सर्वे करने उतरेगी। इसके अलावा वाटर प्लस श्रेणी के लिए सर्वे होगा। यानी 3 टीमें एक साथ शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर शहर के सफाई की धरातल पर स्थिति पता लगाएंगी। इसमें पब्लिक फीडबैक शहर की सफाई का पैमाना तय करेगा।

- 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले देश के 4,447 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्धा

दरअसल, 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले देश के 4,337 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर यह प्रतिस्पर्धा है, जिसमें रायपुर शहर को टॉप टेन शहर में लाना निगम प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। सूत्रों के मुताबिक केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के तीसरे चरण का सर्वे करने केंद्रीय टीम फरवरी में रायपुर आएगी। इस हिसाब से तीसरा राउंड स्वच्छता रैंकिंग के हिसाब से काफी अहम माना जा रहा है। इस बार गारबेज फ्री सिटी, ओडीएफ डबल प्लस और वाटर प्लस श्रेणी में मूल्यांकन करने 3 टीमें शहर में सर्वे करने अलग-अलग हिस्सों में जाएंगी।

इस बार स्वच्छता रैंकिंग में कुल 9500 अंक रखे गए हैं। जो अलग-अलग श्रेणी में तय मापदंड के हिसाब से दिए जाएंगे। इसमें सर्विस लेवल प्रोवाइड पर 5705 अंक, सर्टिफिकेशन पर 2500 अंक, पब्लिक फीडबैक श्रेणी में 1295 अंक रखे गए हैं। अब तक हुए देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर शहर ने देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी धाक बरकरार रखी है, उसे देश के नंबर वन स्वच्छ शहर होने का तमगा मिला हुआ है।



### वाटर प्लस सिटी श्रेणी में बढ़ सकते हैं नंबर

देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग के लिए होने वाले तीसरे चरण के सर्वे में वाटर प्लस श्रेणी में इस बार रायपुर शहर को ज्यादा अंक मिल सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक खारुन नदी में नाले व नालियों के गंदा पानी जाने से रोकने 3 अलग-अलग स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना के साथ ही उपचारित जल के दोबारा उपयोग को लेकर वाटर प्लस श्रेणी में अंक बढ़ सकते हैं। इसके साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड में शहरभर से एकत्र कूड़ा करकट का वैज्ञानिक निष्पादन किये जाना पर अलग से अंक मिलेंगे। इसके साथ ही वायु प्रदूषण रोकने के लिए रोड स्वीपिंग मशीन से शहर के सड़कों की सफाई पर केंद्रीय टीम अंक देगी।

### 2 दर्जन मुक्कड़ निगम के लिए बड़ी चुनौती

गारबेज फ्री सिटी के लिए होने वाले केंद्रीय सर्वे में नगर निगम के लिए सबसे बड़ी चुनौती शहर के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित 2 दर्जन मुक्कड़ हैं, जहां लोग आज भी रोजाना गीला और सूखा कचरा बिना किसी हिचक के डाल रहे हैं। जोन स्तर पर न तो शहर को मुक्कड़ मुक्त बनाने इसके लिए ठोस प्रयास हुए, न ही निगम मुख्यालय से इसकी पहल हुई। विदित हो, शहर के मध्य स्थित नगर निगम जोन 2 क्षेत्र में सबसे ज्यादा 5 मुक्कड़ इसमें शामिल हैं।

# सिविल सोसाइटी संयोजक ने भेजा जवाब, माफी मांगें डा. बिस्वरूप नहीं तो मानहानि की कार्रवाई



रायपुर। कीमोथेरेपी और सर्जरी से कैंसर के मरीज को लाभ मिलने के सबूत नहीं देने पर 8500 करोड़ की मानहानि के नोटिस भेजने का मामला ठंडा नहीं हुआ है। सिविल सोसाइटी के संयोजक डा. कुलदीप सोलंकी ने एनआईसीई के अध्यक्ष डा. बिस्वारूप रॉय चौधरी से नोटिस भेजने के विधिक अधिकार का प्रमाण मांगा है। ऐसा नहीं होने होने पर माफी मांगने अथवा मानहानि की कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दी है। नेटवर्क ऑफ इंफ्लूएंजा केयर एक्सपर्ट (एनआईसीई) के अध्यक्ष डा. बिस्वारूप ने नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी के कैंसर का इलाज एलोपैथी के बजाए आयुर्वेद पद्धति से किए जाने के दावों को चुनौती देने के मामले में छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी से कीमोथैरेपी अथवा सर्जरी से ऐसे मरीजों को स्वस्थ होने का सबूत मांगा था। जवाब नहीं मिलने पर 8500 करोड़ की मानहानि की कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई थी। मामले में सिविल सोसायटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने अपना जवाब भेजा है। उन्होंने जिक्र किया है कि हमने नवजोत कौर सिद्धू को नोटिस भेजा था, जिसके विधिक सलाहकार के रूप में उत्तर स्वरूप नोटिस भेजने के लिए क्या उन्हें विधिक अधिकार दिए गए हैं, इसका प्रमाण दिया जाए।




## खबर संक्षेप



### महादेवघाट के नए खेल मैदान पर 3 से वॉलीबॉल स्पर्धा

रायपुर। महादेवघाट में नवनिर्मित वॉलीबाल ग्राउंड पर मास्टर्स गेम्स एसोसियेशन छत्तीसगढ़ और हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय अखिल भारतीय मास्टर्स 40 प्लस पुरुष एवं ओपन महिला वालीबॉल स्पर्धा का आयोजन 3 से 5 जनवरी तक किया जा रहा है। मैच का उद्घाटन 3 जनवरी को सुबह 9 बजे किया जायेगा। संघ के संरक्षक अनुराग राठी, अध्यक्ष सैयद अनवर अली, संयोजक मंगलेश्वर सिंह, सचिव रमाकांत निषाद ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में इसकी जानकारी दी। पदाधिकारियों ने बताया मास्टर्स 40 प्लस पुरुष वर्ग में दुबई, केरल, पंजाब, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, ओडिशा, एनएमडीसी किरंदुल, कोरबा और हटकेश्वरनाथ रायपुर की टीमें भाग लेंगी। इसी तरह ओपन महिला वर्ग में कोलकाता, पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, सांई रायपुर, भिलाई नगर और हटकेश्वरनाथ रायपुर की टीमें शामिल होंगी।

# जूदेव ने कहा- धर्मांतरण को लेकर जशपुर से रायपुर तक करेंगे पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

651 धर्मांतरित परिवारों की सनातन धर्म में घर वापसी को लेकर अखिल भारतीय घर वापसी के प्रमुख प्रबल प्रताप जूदेव ने कहा, सक्ती छत में पांव पखारकर 651 धर्मान्तरित परिवारों की पुनः सनातन धर्म में घर वापसी कराया गया। ईसाई मिशनरियों द्वारा कई वर्षों से सक्ती एवं आसपास के जिलों में धर्म परिवर्तन का विष फैलाया जा रहा है। धर्मान्तरण से चुनाव प्रभावित हो रहा है। पूरे क्षेत्र की डेमोग्राफी बदल रही है। यह अत्यंत गंभीर और चिंता का विषय है।

- 651 धर्मांतरित परिवारों की घर वापसी

अमित जोगी को लेकर प्रबल प्रताप जूदेव ने कहा, इनके पास कोई मुद्दा नहीं है। उनकी स्थिति आप देख रहे हैं, जब वो खुद ही क्रिप्टो क्रिश्चियन हैं वो मेरे पर लांछन लगा रहे हैं। ये काम मेरे पिता ने तब से शुरू किया, जब भाजपा नहीं थी। आप अपने आप को सनातनी हिंदू कहते हैं, आपका खुद ही आईडेंटी का पता नहीं है। पंजाब के सीएम चन्नी भी हिंदू हैं, लेकिन वो कुछ और काम करते हैं। ये सभी लोग हिंदू समाज को खोखला कर रहे हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध प्रदेशभर में एक बड़ा आंदोलन करूंगा।



### कन्वर्ट होने वाले वनवासियों का आरक्षण बंद हो

श्री जूदेव ने कहा, दूसरी बड़ी समस्या डीलिस्टिंग की है। वनवासी भाइयों को लाभ मिले, इसके लिए बड़ा प्रदर्शन करूंगा। कुछ धर्मांतरित लोग कन्वर्ट हो रहे हैं और इसका लाभ भी उठा रहे हैं। उनका डीलिस्टिंग होना बहुत जरूरी है। वनवासी समाज जो कन्वर्ट हो गया है, उसका आरक्षण बंद होना चाहिए। इसके लिए जशपुर से लेकर रायपुर तक पदयात्रा भी करूंगा।

### जनजाति और मतांतरित वर्ग में तनाव

प्रबल प्रताप जूदेव ने कहा, छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण एक बहुत बड़ी सांस्कृतिक समस्या है। जनजातीय क्षेत्र इसके लिए अतिसंवेदशील हो गया है। ईसाई मिशनरीज धर्म परिवर्तन के लिए प्रोजेक्ट चला रही है। उन्हें असभ्य और सनातन धर्म विरोधी बनाया जा रहा है, जो समाज और देश के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा, आज जनजातीय समाज की पहचान पर भी संकट आ गया है। कई गांवों में मूल संस्कृति के साथ जी रहे जनजाति और मतांतरित वर्ग में तनाव देखने को मिल रहे हैं। बस्तर और छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों में पिछले वर्ष कई घटनाएं भी हुई थीं।
















## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री ने कुनबी समाज के कैलेंडर का किया विमोचन



रायपुर। प्रदेश कुनबी समाज महासंगठन रायपुर छत्तीसगढ़ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने बंगले पर मंगलवार को किया। इस मौके पर प्रदेश सचिव अमित डोये ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज भवन गोंदवारा में निर्मित भवन के लोकार्पण का आमंत्रण भी समाज के प्रतिनिधियों ने दिया, जिस पर उन्होंने सहमति जताई है। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर महिला अध्यक्ष सारिका गेडेकर, सचिव अमित डोये, निकेश तितरमारे, ज्ञानेश्वर जमजारी, दिलीप गेडेकर, दिनेश पागोटे, मनीषा बारसे, गार्गी गेडेकर, विजेता शेंडे, संगीता भंडारकर की उपस्थिति रही।

### श्रीमद भागवत कथा कल निकलेगी शोभायात्रा



रायपुर। मिरानी ग्रुप द्वारा राजधानी रायपुर स्थित जैनम मानस भवन में 2 जनवरी से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा के लिए अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक रमेश भाई ओझा 1 जनवरी की शाम 4 बजे पोरबंदर गुजरात से चार्टर प्लेन द्वारा रायपुर पहुंचेंगे। विमानतल पर उनके भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। कथा की शुरुआत 2 जनवरी को सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगी और महाराज द्वारा रसराज प्रभु की कथा अविरल 8 जनवरी तक प्रवाहित होगी। कथा का रोजाना समय शाम 4 से 7.30 बजे तक रहेगा। आस्था व धर्म संदेश चैनल पर कथा का सीधा प्रसारण भी होगा। यह जानकारी संस्था के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि कथास्थल को पूरी तरह धार्मिक परिवेश में भव्य रूप से सजाया गया है। विशाल मंच धार्मिक सचित्रों से ओत-प्रोत है। अंदर हॉल में करीब तीन हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है और बाहर सुव्यस्थित डोम में भी दो हजार लोग बैठ सकेंगे। बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे, इसलिए जैनम मानस भवन के बाहर पार्किंग की चुस्त व्यवस्था की गई है, जिससे तीन से चार हजार वाहन आसानी से पार्क हो सकेंगे। पेयजल व चाय की व्यवस्था भी श्रद्धालुओं के लिए रखी गई है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कथास्थल का गूगल मैप भी जारी किया गया है।

## निधन

### अशोक कुमार लड्ढा

रायपुर। गुढ़ियारी निवासी इलाहाबाद बैंक से सेवानिवृत्त अशोक कुमार लड्ढा (माहेश्वरी) का 31 दिसंबर को निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 1 जनवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दीपक, आलोक के पिता एवं जीवनलाल, प्रकाश कुमार के भाई थे।

### अरुण कुमार दीक्षित

रायपुर। डूंगाजी कॉलोनी निवासी पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार दीक्षित (61) का 31 दिसंबर को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे अशोक दीक्षित के छोटे भाई थे।

# नए साल में अपडेट होगा आंबेडकर अस्पताल का ट्रामा, एसी सहित अन्य संसाधन बदले जाएंगे

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इलाज के लिए दूरदराज से आंबेडकर अस्पताल आने वाले मरीजों को नए साल में यहां कई तरह के बदलाव देखने को मिलेंगे। गंभीर मरीजों की सुविधा के लिए बनाए गए ट्रामा सेंटर में और सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। यहां के पुराने हो चुके एसी सहित अन्य संसाधनों का बदलाव किया जाएगा। गंभीर स्थिति के मरीजों के लिए वेंटिलेटर सहित अन्य जांच मशीन की सुविधा भी बढ़ाई जाएगी। आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों को उपचार की बेहतर सुविधा देने के लिए विभिन्न तरह की योजनाएं बनाई गई हैं। इनके नए साल में पूर्ण होने की उम्मीद है। वर्तमान की आवश्यकता को देखते हुए गंभीर मरीजों के इलाज वाले ट्रामा और विशेष वर्ग के मरीजों के लिए पेइंग वार्ड की सुविधा में बदलाव किए जाने की तैयारी की जा रही है। चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर ने बताया कि दोनों स्थानों के पुराने हो चुके एसी को बदलने के लिए जैम पोर्टल में टेंडर जारी किया गया है, जिसके माध्यम से खरीदी की तैयारी है। इससे वहां इलाज के लिए भर्ती होने वाले मरीजों को सुविधा मिलेगी। पेइंग वार्ड में सुविधा बढ़ाने की मुख्य वजह वर्तमान की जरूरतों को ध्यान में रखना है। इसी तरह गंभीर स्थिति में विभिन्न अस्पतालों से रेफर होकर आने वाले मरीजों की वेंटिलेटर की समस्या को भी जल्दी ही दूर कर लिया जाएगा।

## पेइंग वार्ड भी वातानुकूलित होगा, गंभीर मरीजों के लिए वेंटिलेंटर बढ़ेंगे

### सुरक्षा और चौकस

अस्पताल में सुरक्षा के लिए सशस्त्र जवानों की ड्यूटी लगाई गई जा चुकी है, जो रात्रि के वक्त अपनी सेवा देते हैं। इसी तरह यहां सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। अस्पताल में आवश्यकता के अनुसार सुरक्षा गार्ड और अन्य कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव पर भी काम किया जा रहा है।




### जांच मशीनें बढ़ाने की तैयारी

आंबेडकर अस्पताल की सबसे बड़ी जरूरत सीटी स्कैन अथवा एमआरआई जांच मशीन की संख्या बढ़ाने की है। इसके लिए इस साल प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है। एमआरआई मशीन की खरीदी के लिए आने वाले दिनों में सहमति मिल चुकी है। आने वाले दिनों में इसके लिए राशि स्वीकृत होने के बाद खरीदी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### सुविधायुक्त एंबुलेंस भी

आंबेडकर अस्पताल के लिए वेंटिलेटर सहित जरूरी संसाधनों से लैस एंबुलेंस खरीदी को योजना को भी स्वीकृति दी गई थी। इस पर भी काम आने वाले दिनों में पूरा होने की संभावना है। इस एंबुलेंस की आवश्यकता कई बार मरीजों को अतिगंभीर स्थिति के मरीजों के परिवहन के लिए किया जाता है।

## आधा दर्जन से अधिक थाना क्षेत्रों में दिया चोरी की वारदात को अंजाम

# दोपहिया चोर गिरोह का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार रायपुर से चोरी कर ओडिशा में बेचते थे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस ने दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी के कब्जे से चोरी के 27 दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। इस गिरोह के सदस्यों ने शहर के आधा दर्जन से अधिक थाना क्षेत्रों में वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरी करने के बाद गिरोह वाहन को ओडिशा में ले जाकर बेचा करते थे। पुलिस ने इसके अलावा शहर की अलग-अलग पार्किंग जगहों पर लावारिस हालत में खड़े 45 दोपहिया वाहन भी बरामद किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि शहर में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं वाहन चोर गिरोह का पता कर गिरफ्तार करने के लिए एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट की एक विशेष टीम का गठन किया गया है। इस टीम को 26 दिसंबर को सूचना मिली थी कि आजाद चौक क्षेत्र अंतर्गत ईदगाहभाठा के पास कुछ लोग चोरी के दोपहिया वाहन रखे हुए हैं। इस सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और 6 लोगों को पकड़कर उनके कब्जे से 12 दोपहिया वाहन जब्त किए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम रोशन नाडार, नीरज नायक, लकेश टाण्डेकर, जनक ताण्डी उर्फ जॉनी, अभिषेक पटेल एवं विक्की टाण्डेकर निवासी रायपुर का होना बताया। सभी ने कड़ाई से पूछताछ पर जब्त वाहन को शहर के विभिन्न थाना आजाद चौक, डीडी नगर, कबीर नगर, सरस्वती नगर, उरला, मौदहापारा सहित अन्य क्षेत्रों से चोरी करना कबूल किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के 15 और वाहन जब्त किए। इस तरह उनके कब्जे से 27 वाहन जब्त किए गए हैं।



### विक्की-जॉनी करते थे ओडिशा में बिकवाने का काम

*गिरोह ने ज्यादातर चोरी के वाहन ओडिशा में बेचे हैं। गिरोह में चोरी के वाहन बेचने का काम विक्की और जॉनी किया करते थे। जॉनी मूलतः ओडिशा के भालूमुडा थाना बांगोमुडा का रहने वाला है, इसलिए विक्की वाहन को ओडिशा में बेचने के लिए उसे माध्यम बनाता था। दोनों ने मिलकर ओडिशा में दर्जनों गाड़ियां बेची हैं। पूछताछ में दोनों ने ओडिशा में थबीरो बाघ, सुधीर पटेल, रोहित पटेल, कुश भोई, बैकुण्ठ बाघ निवासी जेरपाड़ा भालूमुड़ा सहित अन्य को वाहन बेचना कबूल किया है।*

### भालूमुड़ा से 15 वाहन जब्त

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ओडिशा के भालूमुड़ा से चोरी के 15 वाहन जब्त किए हैं। चोरी के वाहन खरीदने वाले लोगों को भी पुलिस ने प्रकरणों में रायपुर में उपस्थित होने का नोटिस दिया है। इन सभी के विरुद्ध धारा 317(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### लावारिस मिली 45 गाड़ी में दो वाहन में केस दर्ज

पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान शहर में पार्किंग स्थलों में भी विशेष अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न पार्किंग स्थल से लावारिस हालत में खड़े 45 दोपहिया वाहन जब्त किए गए हैं। इनमें दो वाहन में अपराध पंजीबद्ध भी है। इन गाड़ियों को गंज, मौदहापारा एवं कोतवाली क्षेत्र से जब्त किया गया है। लावारिस गाड़ियां किसके नाम पर पंजीयन हैं, इसका पता लगाया जा रहा है।

# एससीईआरटी का जिम्मा बोर्ड को! माशिम पहली बार लेगा 10वीं-12वीं के अलावा कोई अन्य परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल पहली बार दसवीं-बारहवीं के अलावा कोई अन्य परीक्षा लेने जा रहा है। छात्रवृत्ति संबंधित यह परीक्षा पूर्व में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित की जाती थी, लेकिन इस वर्ष से मंडल को इसका जिम्मा दे दिया गया है। मंडल यह परीक्षा अगले माह 16 फरवरी को आयोजित करेगा। विद्यार्थियों से 9 जनवरी तक फॉर्म मांगे गए हैं। स्कॉलरशिप के लिए ये फॉर्म ऑफलाइन मोड में भरे जाएंगे। इस संदर्भ में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अंदरुनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, एससीईआरटी के पास परीक्षा आयोजित करने पर्याप्त संसाधन नहीं होने के कारण यह व्यवस्था की गई है। इसके पूर्व इस परीक्षा के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल से संपर्क करने प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन अंततः माशिम को इसका प्रभार सौंपा गया। आवेदन पत्र का प्रारूप माशिम द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को भेज दिया गया है। 66 केंद्रों में यह परीक्षा आयोजित होगी। इन केंद्रों की सूचना भी जिला शिक्षा कार्यालयों में और केंद्राध्यक्ष को प्रेषित कर दी गई है। छात्र स्कॉलरशिप के बारे में विस्तृत जानकारी माशिम की वेबसाइट से भी प्राप्त कर सकते हैं।

### क्या है यह स्कॉलरशिप?

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित कराई जाती है। इसमें चयनित आठवीं कक्षा में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को नवमी से बारहवीं कक्षा तक प्रतिमाह 1-1 हजार रूपए की राशि प्रदान की जाती है। छात्रवृति की यह राशि केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। स्कॉलरशिप के लिए आयोजित परीक्षा में वे ही छात्र हिस्सा ले सकते हैं, जिन्होंने सातवीं कक्षा में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक हासिल किए हों तथा उनके माता-पिता की सभी संसाधनों से वार्षिक आय मिलाकर 3.5 लाख से ज्यादा ना हो।

### प्रक्रिया पर निजी विद्यालयों की आपत्ति

*इस परीक्षा में केंद्रीय विद्यालय, नवोदय सहित अन्य अवासीय विद्यालय और निजी विद्यालय के विद्यार्थी शामिल होने के लिए पात्र नहीं होते हैं। निजी विद्यालयों ने इस पर आपत्ति जताई है। प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा, निजी स्कूलों में आरटीई के अंतर्गत प्रवेश लेने वाले छात्र गरीब परिवार से आते हैं। कम से कम उन्हें इस स्कॉलरशिप परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की जानी चाहिए।*

# छापे के बाद लोगों ने पनीर से बनाई दूरी डेयरी में खरीदने से पहले चखा स्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कार्रवाई के बाद डेयरी और मार्ट में पनीर खरीदने वालों की घटी संख्या

बीरगांव की फैक्ट्री में सोमवार को 2500 किलो नकली पनीर जब्त किए जाने के बाद मंगलवार को लोगों ने खाने से पनीर को दूर कर दिया। इस बड़ी कार्रवाई का सीधा असर शहर की डेयरी पर देखने को मिला है। लोग मार्ट में मिलने वाले पैकेट पनीर की खरीदारी करने से बचे, तो वहीं डेयरी में भी लोगों की मांग लगभग शून्य रही। छोटी डेयरी दुकानदारों ने बताया कि आमतौर पर पनीर दिनभर में 50 किलो से अधिक बिक जाता है, लेकिन नकली पनीर के जब्त किए जाने के बाद अब लोगों में डर बना हुआ है। कई लोगों ने पूछा कि पनीर कितने दिन पुराना है, तो वहीं कुछ ने स्वाद भी चखकर देखा कि यह असली है या फिर नकली। सुबह और शाम के वक्त भी पनीर के खरीदार नहीं मिले। लोगों का कहना है कि 2500 किलो नकली पनीर जब्त किए जाने के बाद अब यह विश्वास करना मुश्किल हो गया है किस डेयरी का पनीर असली है। वहीं दुकानदार अब लोगों को असली पनीर की विशेषता बता रहे हैं, ताकि नकली और असली की पहचान व्यक्ति खुद घर बैठे कर सकें।



### एक दिन में कई किलो पनीर खराब

दिनभर बिक्री कम होने से शहर में कई किलो पनीर खराब हो गया। डेयरी संचालकों का कहना है कि अब लोग पनीर जांच पड़ताल कर ही खरीद रहे हैं। पनीर तैयार होने के बाद उसका स्वाद हर दिन बदलने लगता है। कार्रवाई के बाद मांग के अनुसार पनीर खरीदी करेंगे, ताकि नुकसान से बचा जा सके। डेयरी संचालक का कहना है कि पनीर का थोड़ा सा टुकड़ा लेकर हाथों से मसलें। अगर यह भुरभुरे रूप में आ जाता है, तो इसका मतलब यह नकली है। असली पनीर ऐसे भुरभुरा नहीं होता है। अगर मार्केट से खुला नहीं, बल्कि पैकेट वाला पनीर खरीद रहे हैं, तो उसके पैकेज पर लिखी डिटेल्स पढ़ें। असली पनीर दूध और नींबू के रस या सिरके से बनाया जाता है। कुछ भी अलग से नहीं मिलाया जाता, लेकिन कोई भी दूसरी चीज इसमें अगर शामिल हो, तो बेहतर होगा, उसे न ही खरीदें।

## पेज 19 के शेष

### नए साल के जश्न...

आरोपियों का सचिन और कृष्णा के साथ विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने आवेश में आकर पहले सचिन पर पत्थर से हमला कर दिया। पत्थर के वार सचिन के सिर पर किए गए, जिससे उसका सिर फट गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सचिन की हत्या होने से कृष्णा घबरा गया और वह खुद को बचाने तथा इसकी सूचना उसके परिवार को देने के लिए वहां से भागा। इधर सभी आरोपी भी उसे पकड़ने के लिए पीछे भागे। कृष्णा जब सचिन के मेन रोड वाले दरवाजे के पास पहुंचा, तभी आरोपियों ने उसे वहां पकड़ लिया और उसके सिर पर पत्थर से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसकी भी सिर फटने से मौके पर ही मौत हो गई।

### सफर से एक दिन...

वर्तमान में बस और ट्रेन दोनों में काफी भीड़ है।

**रद्द होने वाली ट्रेन**-1 जनवरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20847 दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

0- 03 जनवरी उधमपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20848 उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

0- 07 जनवरी दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12549 दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस 02 घंटे 20 मिनिट देरी से रवाना होगी।

### छात्रों की अनोखी...

सेमेस्टर स्तर पर हो रही हैं। इसके कारण प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए सेमेस्टर आधारित समय-सारिणी जारी की गई है। वहीं द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रविवि द्वारा मार्च-अप्रैल से वार्षिक पैटर्न पर परीक्षाएं ली जाएंगी। इसके लिए टाइम-टेबल जनवरी अंत तक अथवा फरवरी माह में जारी होंगे।

### प्रथम वर्ष के विषय...

इसे ही जेनेरिक इलेक्टिव सब्जेक्ट नाम दिया गया है। अब इसमें भी विद्यार्थियों को सुविधा देते हुए विभिन्न वर्षों में भिन्न-भिन्न विषय चयन की सुविधा दी जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति शैक्षणिक सत्र 2024-25 में केवल प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लागू की गई थी। अब इसे क्रमशः द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लागू किया जाएगा। वर्तमान में प्रथम वर्ष के अधिकतर विद्यार्थियों द्वारा जेनेरिक इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र जैसे विषयों का चुनाव किया गया है, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं में उन्हें मदद मिल सके।

**मिलेगी जानकारी** - यह प्रयोग इसलिए किया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक विषय की जानकारी प्राप्त हो सके। एक ही विषय का चुनाव तीनों वर्ष में करने से विद्यार्थी किसी विषय विशेष का ही ज्ञान हासिल कर पाएंगे, लेकिन तीनों वर्ष में पृथक विषय के चुनाव से उन्हें स्नातक स्तर की पढ़ाई करने के दौरान तीन विषय चुनने का मौका मिलेगा। इस तरह से उन्हें तीन विषयों के मूलभूत तत्व ज्ञात रहेंगे। यदि विद्यार्थियों द्वारा चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम का चयन किया जाता है, तो वे चार विषय पढ़ सकेंगे।

